
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )



पर्सनल स्टाइल पर खूब प्रयोग करती हैं जैकलीन बताया पर्दे पर निभाना चाहती हैं किस...



www.naisochlive.com | पटना, मंगलवार, 18 फरवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 355, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## वृंदावन : सोसाइटी के अध्यक्ष की माफी के बाद पुराने रूट से निकली प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा



**एजेंसी, मथुरा।** वृंदावन नगर एनआरआई ग्रीन समिति के अध्यक्ष आशु शर्मा ने सोसाइटी की ओर से प्रेमानंद महाराज से माफी मांग ली है। उन्होंने दोबारा से पदयात्रा निकालने का निवेदन भी महाराज से किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया। सोमवार की रात प्रेमानंद महाराज पदयात्रा में शामिल हुए और पुराने रूट से निकले, लेकिन उसमें कुछ बदलाव रहे। सोमवार की सुबह प्रेमानंद महाराज अपने पुराने मार्ग से होकर तो आए, लेकिन उसमें कुछ बदलाव दिखाई दिए। प्रेमानंद महाराज पहले आश्रम के लिए अपने निज निवास से पैदल निकलते थे। साथ ही पदयात्रा करते हुए भक्तों को दर्शन देते हुए अपने आश्रम राधा केली कुंज तक जाते थे। सोमवार की सुबह प्रेमानंद महाराज सुबह चार बजे निजी निवास से कार में बैठकर निकले और बाद में अपने पुराने मार्ग पर चल दिए। लेकिन उन्होंने पदयात्रा अपने निज निवास से शुरू नहीं की। उन्होंने सोमवार को अपनी पदयात्रा आनंद कृष्ण वन होटल से शुरू की। प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा से पुराने रूट से शुरू होने से भक्त काफी खुश नजर आ रहे हैं।

## यूएई ने खोले भारतीयों के लिए दरवाजे, वीजा ऑन अराइवल नीति का विस्तार



**एजेंसी, दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा ऑन अराइवल नीति में बड़ा बदलाव किया है। अब छह नए देशों के वैध वीजा और रेजिडेंस परमिट धारक भारतीय भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। जानकारी के अनुसार यह सुविधा 13 फरवरी, 2025 से प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के वैध दस्तावेज रखने वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों को यूएई आने पर वीजा ऑन अराइवल मिलेगा। यह सुविधा पहले केवल अमेरिका, यूरोपीय संघ और यूके के वैध वीजा या रेजिडेंस परमिट धारक भारतीयों को दी जाती थी। इस नीति के विस्तार से दुबई और अबू धाबी जैसे प्रमुख शहरों में भारतीयों के लिए रोजगार और निवास के नए अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, यह फैसला यूएई को एक वैश्विक व्यापार और पर्यटन केंद्र के रूप में मजबूत करेगा। यूएई में वीजा ऑन अराइवल की पात्रता के लिए यात्री के पास कम से कम छह महीने की वैधता वाला भारतीय पासपोर्ट होना जरूरी होगा।

## जेलेंस्की ने दस्तखत करने से किया इनकार कहा- अमेरिका को नहीं मिलेगा दुर्लभ खनिज



**एजेंसी, कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अपने मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित समझौते पर हस्ताक्षर न करें। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अमेरिकी हितों पर अत्यधिक केंद्रित है। बता दें कि यूक्रेन में महत्वपूर्ण खनिजों के विशाल भंडार हैं जिनका उपयोग एयरोस्पेस, रक्षा और परमाणु उद्योगों में किया जाता है। ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि चीन पर निर्भरता कम करने के लिए यूक्रेन के खनिजों में उसकी रुचि है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान शुक्रवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जेलेंस्की की वार्ता के केंद्र में यही प्रस्ताव था। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समझौते को अस्वीकार करने के जेलेंस्की के निर्णय को अदूरदर्शी बताया। जेलेंस्की ने शनिवार को म्यूनिख में खास बातचीत में कहा, मैंने मंत्रियों को संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने का निर्देश दिया, क्योंकि मेरे विचार में यह हमारी, हमारे हितों की रक्षा करने के लिए नहीं है।

# पहले दिल्ली को डराया फिर ढाई घंटे बाद बिहार कांपा, डरे लोग घर से भागे और चिल्लाए

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह आए भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के लोगों ने सोमवार सुबह 5 बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके ठीक ढाई घंटे बाद बिहार के सीवान में भूकंप आया और लोग घरों से निकलकर बाहर की तरफ भागने लगे। इससे पहले दिल्ली स्टेशन पर भी यही स्थिति थी जहां लोग चिल्लाए और डरकर बाहर भागने लगे। भूकंप की तीव्रता चार मापी गई और भूकंप का केन्द्र राजधानी दिल्ली में जमीन से 5 किलोमीटर नीचे था। अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार, किसी तरह की जानहानि की कोई सूचना सामने नहीं आई है। भूकंप के तेज झटकों ने लोगों में भारी दहशत भर दी है। इसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लेकर एनसीआर की ऊंची-ऊंची इमारतों में रहने वाले थर-थर कांपते नजर आए। भूकंप के कारण लोगों के घरों में छत पर लटके पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। अचानक आए भूकंप के झटकों के चलते लोग डर और घबराहट से अपने घरों से बाहर निकल आए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे एक यात्री ने भूकंप के झटकों को याद करते हुए कहा कि यह कम समय के लिए था, लेकिन तीव्रता बहुत अधिक थी। ऐसा लगा जैसे कोई ट्रेन बहुत तेज गति से आई हो। वहीं एक अन्य यात्री ने कहा, हमें ऐसा लगा जैसे कोई ट्रेन यहां जमीन के नीचे चल रही हो, सब कुछ हिल रहा था।नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ही अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे एक यात्री ने कहा, मैं वेटिंग लाउंज में था। अचानक सभी लोग वहां से भागे। ऐसा लगा जैसे कोई पुल या कोई चीज गिर गई हो। गाजियाबाद के एक निवासी ने कहा कि भूकंप के झटके इतने तेज थे कि मैंने पहले कभी ऐसा महसूस नहीं किया। पूरी इमारत हिल रही थी। नई दिल्ली स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ के बाद यात्रियों में वैसे ही डर का माहौल है। ऐसे में आज आए तेज भूकंप के झटकों ने उनके मन में और दहशत भर दी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक चाय विक्रेता ने कहा कि सब कुछ हिल रहा था।




### ढाई घंटे बाद बिहार में भूकंप, सिवान में रहा केंद्र

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, सोमवार सुबह 8:02 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। बिहार में भी आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 मापी गई, जबकि इसका केंद्र सीवान जिले में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। एनसीएस ने पुष्टि की कि इस भूकंप का अक्षांश 25.93 और देशांतर 84.42 दर्ज किया गया।

### भूकंप पर पीएम मोदी का अलर्ट, शांत रहते हुए संभावित खतरों से रहें सतर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से शांत और सतर्क रहते हुए सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने एवं



संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में भूकंप सुबह 5.36 बजे के करीब आया। भूकंप के तेज झटकों के कारण इमारतें हिलने लगीं और भयभीत हो लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान पेड़ों पर बैठे पक्षी भी तेज आवाज के साथ यहां-वहां उड़ते नजर आए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई है। इसका केंद्र जमीन से महज पांच किलोमीटर की गहराई पर, 28.59 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

## सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए अरविंद केजरीवाल

### यमुना के पानी में जहर मिलाने के बयान मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को

एजेंसी, चंडीगढ़

दिल्ली में विधनासभा चुनाव के दौरान हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर विवाद में उलझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए। केजरीवाल की जगह उनके वकील भुवेश मलिक कोर्ट पहुंचे थे। सोनीपत में सिंचाई विभाग के एक्सईएन अभियंता आशीष कौशिक ने कोर्ट में याचिका लगाई है। जिसमें कहा गया है कि 28 जनवरी को यमुना नदी से सटे कई गांवों के लोग सिंचाई विभाग के



कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि यमुना नदी में जहर क्यों डाला। इससे जानवरों और लोगों की मौत हो जाएगी। लोगों से जब कारण पूछा गया तो उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही एक वीडियो क्लिप दिखाई। वीडियो में अरविंद केजरीवाल बयान दे रहे थे कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी में जहर मिलाया है।

## काशी में भक्तों का सैलाब: लंबा इंतजार, दर्शन के लिए पांच किलोमीटर लंबी लाइन

एजेंसी, वाराणसी

काशी और अयोध्या में वीकेंड पर श्रद्धालुओं का जबरदस्त सैलाब उमड़ा है। वाराणसी में करीब 20 लाख लोग पहुंचे, जिससे मंदिर और रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग की है, वहीं गंगा आरती को 26 फरवरी तक रोक दिया गया है। इसके अलावा, शाम 6 बजे के बाद गंगा में नाव संचालन पर भी रोक लगा दी गई है। रविवार तड़के 2:45 बजे बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालु



दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के बाहर 5 किलोमीटर तक लंबी कतारें लगी रहीं, और भक्तों को दर्शन करने में 5-6 घंटे का समय लगा है। भीड़ के चलते रेलवे स्टेशन पर भी हालात खराब रहे हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्री स्टेशन पर ही फंसे हुए हैं। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि वो 24 घंटे से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ट्रेन उनके गंतव्य को जाने वाली नहीं आई। अयोध्या में भी 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। हनुमान गढ़ी में इतनी भीड़ है कि पैर रखने की जगह तक नहीं बची। रामलला के दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी। पुलिस द्वारा गाड़ियों को सीमा पर ही रोक दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को 10 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है। काशी और अयोध्या में भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है। इसके साथ ही किसी अनहोनी से बचने प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी सुरक्षित और सुगमता से दर्शन कर सकें।

### कांग्रेस ने चीन पर सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा


**एजेंसी, नई दिल्ली :** कांग्रेस ने चीन को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया हैं। पार्टी महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने आज यहां कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस का बयान नहीं है। जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा कि चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गई क्लीनचिट भी शामिल है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ का किया हवाई निरीक्षण, वाहन पार्किंग को लेकर सख्त निर्देश

एजेंसी, प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ मेले का हैलिकॉप्टर के माध्यम से हवाई निरीक्षण किया है। उन्होंने हेलिकॉप्टर से पूरे मेला क्षेत्र का एरियल सर्वेक्षण किया और पार्किंग व्यवस्था को लेकर चिंता भी जाहिर की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि पार्किंग स्थल पर तो कोई वाहन ही नहीं दिख रहा, सभी तो मार्गों पर खड़े दिख रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई निरीक्षण के दौरान देखा कि पार्किंग स्थल खाली पड़े हुए हैं, जबकि श्रद्धालु अपनी गाड़ियां सड़कों पर खड़ी कर रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते



हुए कहा, कृपया गाड़ियां पार्किंग स्थल पर ही खड़ी करें, ताकि सड़कों पर जाम न लगे और संगम स्नान सुचारु रूप से हो सके। सीएम योगी ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि हर पॉइंट पर कड़ी निगरानी रखी जाए और भीड़ बढ़ते ही वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। योगी ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अभी से धरती को हरा-भरा बनाने के प्रयास करें। कुंभ का भी यही संदेश है— प्रकृति, जीव-जंतुओं और मानव जीवन का संरक्षण। सीएम योगी ने दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई भगदड़ की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा, कि यह एक दुखद घटना है, और हमें भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सतर्क रहना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के इस निरीक्षण के बाद प्रशासन ने यातायात और पार्किंग प्रबंधन को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, जिससे श्रद्धालु सुविधाजनक और सुरक्षित रूप से कुंभ मेले का हिस्सा बन सकें।

## दिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद, भीड़ नियंत्रण करने उठाया कदम

### वहीं प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को 28 फरवरी तक के लिए किया बंद

एजेंसी, नई दिल्ली/प्रयागराज

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अब काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट नहीं बेचे जाएंगे। वहीं महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने ये दोनों ही निर्णय स्टेशन पर बढ़ती भीड़ और हाल ही में हुई भगदड़ की दुःखद घटना को ध्यान में रखते हुए लिया है। दिल्ली रेलवे प्रशासन के अनुसार, अब केवल आरक्षित टिकट धारकों को ही स्टेशन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाई गई है। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ के श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विभिन्न इंतजाम किए हैं। रेलवे द्वारा कई प्रमुख स्टेशनों पर क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं बूथ स्थापित किए गए हैं, ताकि यात्रियों को आवश्यक सहायता मिल सके। साथ ही, टिकट कलेक्टरों, हेड टिकट कलेक्टरों, आरपीएफ और वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। जरूरत पड़ने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाएगा। इसी के साथ रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ न बढ़ाएं और अपनी यात्रा की योजना पहले से तय करें। यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महाकुंभ के लिए ट्रेनों में बढ़ती श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन को बंद करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन सोमबार 17 फरवरी से 28 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया। गौरतलब है कि शनिवार रात प्रयागराज में महाकुंभ के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी।




## पाक की नापाक करतूत: कराची-लाहौर स्टेडियम में नहीं लगाया भारत का झंडा

एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है। कुछ न कुछ ऐसा जरूर कर देता है, जिससे विवाद हो जाता है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले ही विवाद खड़ा हो गया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय झंडा नहीं दिखाई देने पर फैंस ने सवाल उठाए हैं। ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले बाकी देशों के झंडे स्टेडियम में लगे थे, लेकिन भारत का झंडा गायब था। इससे सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई और कई फैंस हैरान रह गए। भारतीय झंडे के न होने की



असली वजह अभी साफ नहीं है। लेकिन, माना जा रहा है कि भारत अपने सारे चैंपियंस ट्रॉफी मैच दुबई में खेल रहा है, इसलिए शायद पाकिस्तान ने ऐसा किया होगा। कराची स्टेडियम में न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इंग्लैंड के मैच होने वाले हैं। टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ दिन पहले ही स्टेडियम का एक वीडियो सामने आया। इस वीडियो में सभी देशों के झंडे दिख रहे थे, सिर्फ भारत का झंडा नहीं था। फैंस ये जानना चाहते हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऐसा क्यों किया। भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। इसके बाद पीसीबी और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) को टूर्नामेंट को हाइब्रिड मोड में बदलना पड़ा। इस समझौते के तहत भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। अगर टीम सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचती है, तो वो मैच भी दुबई में ही होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के हर्ष कुमार और प्राचीर राज विश्व कराटे चैंपियनशिप के लिए दुबई रवाना



**पटना।** 20 से 23 फरवरी तक दुबई में होने वाली यूथ लीग विश्व चैंपियनशिप के लिए बिहार के प्राचीर राज का चयन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा हुआ।हर्ष कुमार भारतीय टीम के कोच बनाए गए हैं। वे बुधवार को भारतीय टीम के साथ दुबई के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर राज्य कराटे संघ बिहार के अध्यक्ष शिहान अभय कुमार अतुल, महासचिव शिहान पंकज कांबली और महासचिव शिहान सूरज कुमार ने उन्हें बधाई दी है।

### प्रशिक्षण से बच्चों में निखार एवं कौशल का विकास होता है_ भोला सिंह



**पटना।** प्रखंड नवानगर अंतर्गत ग्राम पंचायत भटौली अन्तर्गत गोविंदापुर में दिनांक 12.2.2025 से 17 जून 2025 तक आयोजित स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षण समापन हुआ समापन समारोह के अवसर पर भटौली पंचायत के मुखिया सा 20 सूत्री क्रियावन समिति के जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि प्रशिक्षक के रूप में परशुराम यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त स्काउट एंड गाइड के द्वारा समूह बनाकर प्रतिभोज का आयोजन किया गया सभी ने विभिन्न प्रकार के पकवान का आनंद उठाया प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 6 प्रशिक्षक ने बच्चों को को प्रशिक्षण दिए जिससे बच्चों में अनुशासन का बढ़ावा मिलेगा जिससे परीक्षार्थियों को जीवन में कौशल जनक परिवर्तन आएगा इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक प्रियदर्शी मुकेश अखिलेश कुमार सीमा कुमारी नीरज कुमार बृजेश नारायण श्री राम शाह सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे सभी प्रशिक्षक आर्थियों को भटौली पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह के हाथों प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### 1677 केन्द्रों पर मैट्रिक की परीक्षा आरंभ

**पहले दिन नकल करते पांच व सात मुन्ना भाई धराए**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से राज्य के 15.85 लाख परीक्षार्थियों के लिए मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, मंगलवार से आरंभ हुई। मंगलवार को 1,677 परीक्षा केन्द्रों पर दोनों पालियों में मातृभाषा विषयों यथा-हिन्दी, बांग्ला, उर्दू एवं मैथिली की परीक्षा के साथ प्रारंभ हुई। आज की परीक्षा में पांच परीक्षार्थी कदाचार के आरोप में तथा सात परीक्षार्थी दूसरे के बदले परीक्षा देते पकड़े गये। मिली जानकारी में सारण से तीन तथा वैशाली व रोहतस से एक -एक परीक्षार्थी कदाचार के आरोप में पकड़े गये। वहीं दूसरे बदले परीक्षा देते जमुई से तीन, सुपौल से दो तथा नालंदा व बांका से एक-एक पकड़े गये। आज सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का संचालन पूरी कड़ाई के साथ समिति के सभी दिशा निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने सभी जिलों के जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया है कि परीक्षा संचालन के आज की सुदृढ़ व्यवस्था को परीक्षा की समाप्ति तक बरकरार रखें। परीक्षा प्रक्रिया की पवित्रता के साथ-साथ परीक्षा की आदर्श व्यवस्था को हर हाल में बनाये रखा जाए। पहले दिन दोनों पालियों में मातृभाषा विषयों यथा-हिन्दी, बांग्ला, उर्दू एवं मैथिली की परीक्षा राज्य के 15,85,868 परीक्षार्थियों के लिए 1,677 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए पटना जिला में 71,669 परीक्षार्थियों के लिए 73 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में प्रत्येक पाली में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। समिति अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों यथा-राजकीय बालिका प्लस 2 विद्यालय, बांकीपुर, रामलखन सिंह यादव हाई स्कूल, पुनाईचक, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, गर्दनीबाग, कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय, यारपुर एवं दारोगा प्रसाद राय हाई स्कूल, सरिस्ताबाद का औचक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि पटना जिले में बनाये गये 04 आदर्श परीक्षा केन्द्रों में राजकीय बालिका प्लस 2 विद्यालय, बांकीपुर, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, गर्दनीबाग एवं कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय, यारपुर भी शामिल हैं। औचक निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष द्वारा इन परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक के साथ परीक्षा संचालन के व्यवस्था की समीक्षा की गई। पाया गया कि इन सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का संचालन उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ समिति के सभी निदेशों का अनुपालन करते हुए किया जा रहा है। साथ ही अध्यक्ष द्वारा परीक्षार्थियों से परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

### श्रमिको के कल्याण फाउंडेशन का मुख्य लक्ष्य



**पटना।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार विवि गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर जून स्मिता, हिम ज्योति, जित्तू , जूना ने प्रशिक्षण में भाग लिया । हिम ज्योति ने बताया कि फाउंडेशन श्रमिको के कल्याण के लिए श्रमिक चौपाल, का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में कर रहा है जिसमे श्रमिको को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जाता है एवं ई श्रम कार्ड, आभा कार्ड, लेवर कार्ड बनाया जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को लेकर बहुत ही सार्थक प्रयत्न किया है । जन्म से लेकर मृत्यु तक श्रमिको के लिए दर्जनों योजनाओं का निर्माण कर उसका सफल संचालन कर रहा है । वहीं जूना स्मिता ने बताया कि महिला श्रमिको के साथ आज भी भेदभाव किया जाता है यह दुर्भाग्यपूर्ण है । वाल श्रम के समूल अंत हेतु फाउंडेशन अभियान चला रहा है । वहीं डव्लू एस एफ महिलाओं के हक के आवाज बुलंद कर रहा है । शुभकामनाएं देने बालो में फाउंडेशन के निदेशक देवानंद कुमार, मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार , सुनील कुमार, विकाश कुमार शामिल है ।

### अब जिला क्रिकेट संघ खुद कर सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने जिला क्रिकेट संघों को अधिक स्वायत्तता प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब जिला क्रिकेट संघों के अधिकारी अपने जिले से ही खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया अधिक सरल और सुचारू होगी, बल्कि जिला स्तर पर क्रिकेट प्रशासन को भी मजबूती मिलेगी। आज बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बीसीए द्वारा भेजे गए प्रतिनिधियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का प्रशिक्षण बीसीए के दफ्तर में दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद अब जिला क्रिकेट संघों के अधिकारी अपने जिले से ही अपने खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने में सक्षम होंगे। इससे पहले, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए जिला क्रिकेट संघों के अधिकारियों को पटना स्थित बीसीए कार्यालय आना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। लेकिन अब इस प्रशिक्षण के बाद, जिला क्रिकेट संघ अपने स्तर पर ही खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सुचारू हो जाएगी।बीसीए के क्रिकेट ऑपरेशन्स मैनेजर ए. के. चंदन ने इस प्रशिक्षण का संचालन किया और जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बीसीए के इस निर्णय से बिहार में क्रिकेट प्रशासन की दक्षता बढ़ेगी और जिला स्तर पर खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले हुए सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

**» सुधीर मधुकर,अमरजीत शर्मा,चंद्रशेखर,पंकज, विकास,जितेंद्र,रजनीश, प्रमोद,विष्णु हुए सम्मानित**



**पटना ।** समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान करने वालों को सम्मानित करने के लिए ,आदर्श विकास विद्यालय,महम्मदपुर,पटना की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिस में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस,(आई एफ डब्लू जे,) बिहार के प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मधुकर,न्यूज़ 18 के संवाददाता,अमरजीत शर्मा ,दैनिक भास्कर के पत्रकार,चंद्रशेखर भगत , आर्यभट्ट न्यूज़ के न्यूज एडिटर पंकज कुमार , सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु कुमार , एथलीट विकास कुमार, रजनीश कुमार ,जितेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार,आदि को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह दे कर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंजू प्रसाद ने सम्मानित किया । अपने संबोधन में प्राचार्या श्रीमती प्रसाद ने कहा कि, आदर्श विकास विद्यालय की ओर से समय समय पर देश और समाज में महत्वपूर्ण योगदान करने वालों को सम्मानित किया जाता है,ताकि स्कूल के छात्र छात्राएं भी इस से प्रेरित होकर देश और समाज के चौमुखी विकास करने के साथ साथ एक सच्चे नागरिक बन कर देश और समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सके। इस अवसर पर विद्यालय के उत्तम कुमार समेत सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

# रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने दिया मानवता का परिचय

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** सेवा से बड़ा कोई धर्म नही हो सकता इसे साकार कर दिखाया है । कमला गंगा इंटरसिटी में गौतम टेक्नीशियन है यह पटना जंक्शन प्लेट फार्म संख्या दो पर गिर गया जिससे गम्भीर रूप से जख्मी हो गया लेकिन एसी कोच के जिम्मदारी निर्वाह करने के लिए कोच में सवार हो गया और दर्द से कराह रहा था कोच अटेंडेंट संजय ने मदद के लिए समस्तीपुर मंडल को फोन लगाया लेकिन परिणाम शून्य रहा । इसी बीच बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महासचिव प्रेम कुमार का नजर गौतम पर पड़ा उन्होंने इसकी हालत देखकर खुसरूपुर रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को फोन कर सारी घटना की जानकारी दिया । उन्होंने मानवता के परिचय देते हुये दवा दुकान से दर्द कम करने का स्प्रे और अन्य प्राथमिक उपचार के किट लेकर खुसरूपुर में गौतम को दिया । एसएचओ के इस कार्य की खूब सराहना हो रही है । सभी लोगो इस तरह से मदद के लिए हाथ बढाना चाहिए ।

# देश हित में है वन नेशन वन इलेक्शन का सुझाव: भिखू भाई दलसानिया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री बिहार, भीखू भाई दलसानिया ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का सुझाव पूरी तरह से राष्ट्र के हित में है और इसमें सम्पूर्ण राष्ट्र को फायदा होगा। उन्होंने कहा राजनीतिक पार्टी बाद में है, देश पहले है, इसलिए देश के लिए अच्छा जो है यह जनता को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा जनता जनार्दन और भाग्य विधाता है और उसे देश के फायदे और नुकसान के बारे में सोचना चाहिए। भीखू भाई दलसानिया सोमवार को पटना विश्वविद्यालय के बी एन. कॉलेज में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा देश की जनता समझदार है वह देश और राज्य के हितों को छोड़कर अलग-अलग मतदान करती है, और इसका उदाहरण कई बार के चुनाव में देखा गया कि देश में अलग पार्टी की सरकार और राज्य में अलग पार्टी की सरकार बनती है। उन्होंने कहा बार-बार चुनाव होने और उसके कारण आचार संहिता लगने से देश का विकास बाधित होता है और जनता का कार्य भी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि यह अच्छा संयोग है कि बिहार नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीयता व राष्ट्रहित के मुद्दे पर बात हो रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य रहा है कि यहां के शासक बहुमत और सर्वानुमति दोनों से राष्ट्र चलाते हैं ।शासन सत्ता पर कोई भी हो राष्ट्र भक्ति हमारे खून में है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत प्रकृति की पूजा करने वाला देश है, और यह पूरा विश्व को परिवार मानकर सबके कल्याण के लिए सोचता है। हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत के मंत्र को लेकर चलना है, और हमें फिर से विश्व गुरु बनना है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता और डॉ मोहन सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन राजनीतिक नहीं राष्ट्रीय मुद्दा है और भारत दुनिया का अकेला राष्ट्र है जहां का हर नागरिक अपनी मिट्टी व पूर्वज से प्यार करता है। भारत उन प्राचीनतम राष्ट्रों में से एक है जहां लोग अपने पूर्वज का सम्मान करते हैं और आने वाले पीढ़ी के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमको फिर से दुनिया का संचालन करना है और भारत को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने कहा भारत में चुनाव नहीं होते हैं थे यहां सभी काम सर्वानुमति से होता था। आजादी का इतिहास आम लोगों से जुड़ा है। डॉ मोहन सिंह ने कहा कि देश की ऊर्जा व धन का सकारात्मक उपयोग करना है। इस मौके पर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के राज्य संयोजक पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर रणवीर नंदन ने कहा किया है दलगत का विषय नहीं बल्कि चिंतन का विषय है। 1952 से 1967 तक हर 5 साल पर राज्य और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते रहे हैं और केंद्र व राज्य में सरकारी बनती रही है। प्रो नंदन ने कहा कि देश की बहुत बड़ी राशि चुनाव में खर्च हो रही हैं ।जब वन नेशन वन इलेक्शन के तहत चुनाव होगा तो देश में राशि बचेगी। और वह पैसा विकास में खर्च होगा। इस दौरान डॉक्टर नंदन ने 1998 से लेकर 2025 तक के विभिन्न राज्यों में और देश में हुए चुनाव खर्चों के बारे में आम लोगों को बताया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि देश में मध्यवर्ती चुनाव के कारण अलग अलग चुनाव की नौबत आई है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की की वन नेशन वन इलेक्शन के बाद भी अगर राज्य में ला एंडआर्डर के कारण फिर से चुनाव की नौबत आए ,तो बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुनाव होना चाहिए साथ ही दल बदल कानून में बदलाव करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बी एन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान में कोई कुछ थोपा नहीं जाता वह जनता के मत पर तय होता है। 2047 तक आत्मनिर्भर भारत का सपना व्यक्त किया जा रहा है इसके लिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है ।साथ हैं ऑनलाइन इलेक्शन के माध्यम से भी चुनाव खर्चों से बचा जा सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन बीएन कॉलेज के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक प्रो. मांगलिक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डी .एन.सिंहा ने किया। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय गृह विज्ञान विषय की विभाग अध्यक्ष सुहेली मेहता श्याम पटेल ,राहुल कुमार सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# भोपाल में 'ललिता स्मृति सम्मान' से विभूषित हुईं डा पूनम आनन्द

नई सोच एक्सप्रेस



**» साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ समेत अनेक साहित्यकारों ने दी बधाई**

**पटना।** बिहार की सुप्रसिद्ध लेखिका डा पूनम आनन्द को विश्व मैत्री मंच एवं हेमंत फ़ाउंडेशन के तत्त्वावधान में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित उनके लघुकथा-संग्रह '121 लघुकथाएँ' के लिए 'ललिता स्मृति कथा-सम्मान' प्रदान किया गया है। गत शनिवार को झीलों की इस प्रसिद्ध नगरी के पलाश रेसीडेंसी के विमर्श सभागार में आयोजित इस समारोह में फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष विजय बाहादुर सिंह ने वन्दन-वस्त्र, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं दो हज़ार एक सौ रूपए की सम्मान-राशि देकर सम्मानित किया। सम्मान-समारोह में गीत के अत्यंत प्रतिष्ठित कवि पं बुद्धिनाथ मिश्र, विश्व मैत्री मंच की अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, डा विकास दबे, कैलाश चंद्र पंत आदि मनीषी साहित्यकार उपस्थित थे। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने डा पूनम को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा है कि उनके सम्मान से सम्मेलन और सम्मेलन का प्रकाशन-विभाग भी सम्मानित हुआ है। इससे सम्मेलन की प्रतिष्ठा बढ़ी है। पूनम जी साहित्य सम्मेलन की एक अत्यंत कर्मठ कार्यकारिणी-सदस्य होने के साथ-साथ एक निपुण और विदुषी लेखिका भी हैं। बधाई देने वालों में सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा पुष्पा जमुआर, सागरिका राय, डा शालिनी पाण्डेय, मीरा श्रीवास्तव, आनन्द बिहारी श्रीवास्तव, डा कांता राय, निवेदिता झा, रानी श्रीवास्तव, उत्तरा सिंह, सूर्य उपाध्याय, इति माधवी आदि के नाम सम्मिलित हैं।

# कर्पूरी ठाकुर का जीवन भावी पीढ़ियों को हमेशा मार्गदर्शित करेगा : बशिष्ठ

नई सोच एक्सप्रेस

**» कर्पूरी ठाकुर के विचारों का बिहार बनाने के लिए नीतीश कुमार : बिजेन्द्र**

**पटना।** कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के मौके पर सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, कर्पूरी सभागार में कर्पूरी चर्चा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी ने किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉ धर्मेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा लिखित पुस्तक कर्पूरी की पुकार है नीतीशे कुमार है का लोकार्पण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जैसे व्यक्तित्व का बिहार में पैदा होना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आजीवन सामाजिक समस्याओं से लड़ने का काम किया। कर्पूरी ठाकुर का जीवन भावी पीढ़ियों को हमेशा मार्गदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर की धारा को आगे बढ़ाया है एवं उनके विचारों को अपनी नीति में समाहित किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के सपनों को पूरा करने का संकल्प हमें लेना है और उनके बताए रास्ते पर चलकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत बनाना है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा महिलाओं को आरक्षण देश में पहली बार जननायक कर्पूरी ठाकुर की देन है और उन्ही के अधूरे कामों को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशभर में महिला सशक्तिकरण का अद्भुत नजीर पेश किया। विधान परिषद के उपसभापति डॉ रामवचन राय ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर उस परंपरा के वाहक थे जिन्होंने निजी हितों को त्यागकर देश और समाज को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज उसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं, बीते 19 वर्षों में बिहार की सूरत बदली है। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि हमें कर्पूरी ठाकुर के विचारों की मशाल लेकर आगे बढ़ना है।पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व सांसद श्याम रजक ने कहा कि परिहास और अपमान झेलने के बाद भी कर्पूरी ठाकुर ने शोषितों की लड़ाई के साथ कभी समझौता नहीं किया। राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी और सरलता का पर्याय है। उन्होंने समाजवाद की विचारधारा को जमीन पर उतारा। शिक्षा मंत्री उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त की। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जदयू देश की इकलौती पार्टी है जो कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आगे बढ़ा रही है। हमारे नेता ने पुरखों के सपनों को साकार किया है। मंत्री शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहली बार न्याय के साथ विकास का नारा दिया और साथ ही उसे धरातल पर भी उतारने का काम किया। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की वैचारिक आधारशिला पर नीतीश कुमार ने भवन खड़ा किया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। हमारे नेता उनके विचारों को मूर्त रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ने राजनीति को सामाजिक उत्थान का माध्यम बनाया और उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता को खत्म करने का पुरजोर प्रयास किया।

# शिक्षकों की समस्याओं को सदन में जोरदार तरीके से रखूंगा : ब्रजवासी

नई सोच एक्सप्रेस











**हाजीपुर/ भगवानपुर(वैशाली)** ।विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी का स्वागत व अभिनंदन समारोह सह शिक्षक मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, वरिसपुर,भगवानपुर में किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ वैशाली के अध्यक्ष दिनेश पासवान व संचालन संघ के जिला के वरीय सचिव नवनीत कुमार व जिला सचिव अब्दुल कादीर ने किया एवं स्वागत कोषाध्यक्ष इंद्रेदेव महतो ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र दे कर किया।कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिसमें जिले के तमाम शिक्षक प्रतिनिधि व सभी शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।विजय कुमार सिंह,शिव पूजन, उत्पलकांत,आलोक रंजन,प्रेम शंकर,दिलीप पासवान सभी संघ के पदाधिकारियों द्वारा वैशाली का प्रतीक चिन्ह अशोक स्तंभ एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।विधान पार्षद श्री ब्रजवासी ने जिले के तमाम प्रखंडों से आये सैंकड़ो शिक्षक मतदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षकों और बुद्धिजीवियों को इस ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त करते है।इसे उनके संघर्ष का परिणाम बताया।उन्होंने कहा कि यह जीत शिक्षकों,बुद्धिजीवियों, नौजवानों की है।मैं सिर्फ इनका प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ।शिक्षकों की समस्याओं और मुद्दों पर मेरी संवेदनशीलता बनी रहेगी।मैं आपके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि बिहार में डोमिसाइल नीति एवं स्नातक रोजगार गारंटी योजना लागू कराना हमारा उद्देश्य है।जिसकी लड़ाई जल्द ही आरंभ हो जायेगी।श्री ब्रजवासी ने कहा की मैं शिक्षकों एवं शिक्षित बेरोजगार नौजवानो के साथ खड़ा हूं।28 फ़रवरी से सत्र चलने वाला है।उसमे मै शिक्षकों के सभी मुद्दों जैसे स्नातक प्रमोशन या विशिष्ट शिक्षकों का सेवा निरंतरता का लाभ हो या स्थनांतरण की बात हो सभी मुद्दों को मै मुस्तैदी के साथ सदन मे उठाऊंगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिनेश पासवान ने बंशीधर ब्रजवासी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वह अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे।उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि बंशीधर ब्रजवासी सदन में जनहित और लोकहित के मुद्दों को मजबूती और धारदार तरीके से उठाएंगे।खासकर शिक्षा और शैक्षिक व्यवस्था में सुधार के संदर्भ में।यह कार्य उनके लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों को अनेकों नाम देकर अपमानित करने का काम कर रही है विद्यालय में जितने प्रकार का शिक्षक हो सभी शिक्षा ही दान करते है जब काम एक तो नाम अनेक क्यो है?वरीय सचिव नवनीत कुमार ने कहा कि नियोजित शिक्षक,बी पी एस सी शिक्षक एवं विशिष्ट शिक्षक के बीच वरीयता को स्पष्ट नहीं करके विद्यालय के माहौल को बिगाड़ने का काम कर रही है सरकार।कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में संघ के सारण जिलाध्यक्ष समरेंद्रर बहादुर सिंह,प्रमंडलीय प्रभारी लखनलाल निषाद,अभय सिंह,इस अवसर पर जिला संयोजक मनौवार अली नूरानी,महासचिव झुन्नीलाल पंकज,राजू रंजन चौधरी,अमरनाथ हिमाँशु विकास रौशन,अमरेंद्र कुमार,अरविन्द कुमार राकेश कुमार,कमल,राजेश रंजन,प्रमोद भारती,उमेश राम,महेश यादव,हरि पासवान,रंजीत पासवान,सीमा कुमारी,रीमा कुमारी,रूबी रॉय,पूनम कुमारी,सुलेखा कुमारी,मुक्तिनाथ सिंह, सुमित कुमार,इम्तेयाज अहमद,तजो कुमार,उमेश कुमार सहनी,उपेन्द्र पंडित,शंभू पंडित,मनोज कुमार सुमन,रत्नेश पासवान,मोहम्मद जाहिद,मोहम्मद शाहिद,मोहम्मद वसीम,मोहम्मद आसिफ अता,एजाज आदिल आदि मौजूद थे।वहीं जिले के मशहूर पत्रकार मोहम्मद शाहनवाज अता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल के एंबुलेंस से मरीज फेंके जाने के मामले पर सुस्त है पुलिस,सदर एसडीपीओ के आदेश का नहीं हो रहा अनुपालन



**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल औरंगाबाद के एंबुलेंस से मरीज फेंके जाने के मामले को लेकर 5 दिसंबर 2024 को बारुण थाने में दर्ज हुई प्राथमिकी पर अभी तक कारवाई का न होना सवालों के घेरे में हैं।क्योंकि इस मामले में बारुण थाने के सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार राय के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। दर्ज प्राथमिकी के बाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 ने अपने पर्यवेक्षक टिप्पणी में छह अभियुक्त के विरुद्ध मामला को सत्य पाया। सदर एसडीपीओ 1 संजय कुमार पांडेय ने 2 जनवरी 2025 को ज्ञापन संख्या 19/25 के पर्यवेक्षण टिप्पणी में कांड में सत्य पाए गए प्राथमिक अभियुक्त को अभिलंब गिरफ्तार करने का आदेश अनुसंधानकर्ता को दिया था और अभियुक्तों के फरार होने की स्थिति में कोर्ट से आदेश लेकर कुर्की जप्ती की कारवाई करने का भी निर्देश दिया था। मगर सदर एसडीपीओ 1 के आदेश के 45 दिन बीत जाने के बाद भी उक्त मामले में एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई और न ही न्यायालय से वारंट लिया जा सका। जिसको लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

### देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सुगौली।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सुगौली पुलिस ने छापेमारी कर थाना क्षेत्र के तेलहिया गांव निवासी दीपक साहनी का पुत्र आवास कुमार को एक मोटर साइकिल के साथ 80 लीटर देशी चलाई शराब बरामद किया है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान जब आवास कुमार का जांच किया गया तो 80 लीटर देसी शराब बरामद की गई। शराब के साथ बाइक को भी जप्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि उक्त कारोबारी को न्याय हिरासत में भेज दिया गया है।

### श्रीपुर के टीम ने गोपालगंज को हराया



**सुगौली।** प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय में आयोजित प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का सोमवार के मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि बुचुन तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय पात्र किया।पुष्कर 11श्रीपुर क्रिकेट क्लब बनाम गोपालगंज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।जिसमें श्रीपुर की टीम विजयी रही। गोपालगंज की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोपालगंज की टीम ने 178 रन बनाई।जिसके जबाब में उतरी श्रीपुर की टीम दो विकेट खोकर 180 विजयी रन बना ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बुचुन तिवारी ने कल्लू लेफ्टि को दिया गया,जिसने 114 रन बनाया। मैच में एम्पायर विजय कुशवाहा व मनोज कुमार,स्कोरर सलौदीन , कमेंटेटर विश्वजीत झा, प्रमोद मिश्र,यश कुमार,विकेश रंजन मिश्र थे। मौके पर व्यवस्थापक मुखिया अवधेश कुशवाहा,असदेव राम,अध्यक्ष रामाश्रय महतो,सचिव पैक्सध्यक्ष संजीव शर्मा,कोषाध्यक्ष संतोष जयसवाल,संदीप मिश्र,प्रदीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

### शराब के साथ तीन महिला समेत आठ गिरफ्तार

» गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की करवाई

» दो कर से बरामद की गई भारी मात्रा में विदेशी शराब



**सुगौली।** एएसपी शिवम धाकड़ के नेतृव में भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ आठ शराब तस्कर को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो वाहन व शराब को जब्त किया।जानकारी के अनुसार एएसपी को गुप्त सूचना मिली कि यूपी से बोलेरो कार से शराब तस्कर शराब की बड़ी खेप लेकर मोतिहारी की ओर जा रहा है।सूचना मिलते ही एएसपी ने थानाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। थाना क्षेत्र के छपवा मोतिहारी मुख्य पथ पर वनस्पति माई स्थान पर पुलिस ने वाहन जांच करना शुरू कर दिया। छपवा के तरफ से मोतिहारी जा रही दो बोलेरो कार को रोका गया। वाहन जांच की गई जिसमें भारी मात्रा में 355.59 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। सभी महंगे कीमत के शराब गाड़ी के इंजन सहित अलग अलग जगहों पर छुपा कर रखा गया था। गिरफ्तार शराब तस्कर से पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि यूपी के कृष्ण नगर से बिहार के महनार वैशाली ले जा रहे थे।महिला को वाहन में इसलिए बैठाया गया था,ताकि पुलिस वाहन की जांच न करे और कोई शक नही करे। गिरफ्तार शराब तस्कर में तीन महिला भी शामिल है। गिरफ्तार तस्कर समस्तीपुर पटौरी का सुबोध राय,वैशाली महनार का महम्मद सद्दाम,सन्नी कुमार,विजय कुमार,विवेक कुमार सिंह,सुंदरी देवी,अफसाना,वैशाली विदुरपुर की रेणु देवी शामिल थी। छापेमारी दल में सहायक पुलिस अधीक्षक शिवम धाकड़,पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार,थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह,अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज,एसआई शंभु साह,अनुराग राज,कुमारी ज्योति,चौकीदार प्रदीप सिंह,रंजीत कुमार,समीर आलम,इंदल राय व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# पंचायत और ग्राम स्तर पर टीबी के मरीजों की लाइन-लिस्ट तैयार करेंगे सीएचओ

नई सोच एक्सप्रेस

» टीबी उन्मूलन में आशा कार्यकर्ताओं के साथ सीएचओं को मिली जिम्मेदारी



**छपरा।** टीबी उन्मूलन की लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। अब टीबी उन्मूलन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनात सीएचओं की भूमिका तय की गयी है। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। जिसमें निर्देश दिया गया है कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। हर पंचायत और ग्राम स्तर पर टीबी रोगियों की लाइनलिस्ट तैयार की जाएगी।सीएचओ हर पंद्रह दिन पर आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर नए रोगियों की पहचान और इलाज की स्थिति की समीक्षा करेंगे। मरीजों के संपर्क में आने वालों की स्क्रीनिंग कर, आवश्यक होने पर उन्हें एक्स-रे और सीबी-नेट जांच के लिए भेजा जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि सीबी-नेट और ट्रूनेट जैसी अत्याधुनिक टीबी जांच मशीनों का अधिकतम उपयोग किया जाएगा। इसके तहत सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को टीबी रोगियों की पहचान, संपर्क में आए लोगों की स्क्रीनिंग, और उन्हें उन्नत जांच के लिए भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।सभी सीएचओ विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे टीबी उन्मूलन में प्रभावी भूमिका निभा सकें। सरकार की मंशा एचडब्ल्यूसी स्तर पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को वृहद करना है। जिसके लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सीएचओ की भूमिका तय की गई है। सीएचओ न केवल टीबी के मरीजों की पहचान कर उनकी जांच कराएंगे, बल्कि इलाज शुरू होने के साथ उनका नियमित फॉलोअप करते हुए उचित परामर्श भी देंगे। जिससे मरीजों में जागरूकता आएगी।

## धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि नरहरि महाराज की जयंती




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** छपरा शहर के कटहरी बाग स्थित नूतन निकेतन कौशल्या कॉलोनी में सर्राफा स्वर्णकार संघ, छपरा के तत्वाधान में संत शिरोमणि नरहरि जी महाराज की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पटना से आये स्वर्णकार संघ के वरीय प्रतिनिधि सतीश कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से सतीश प्रसाद गुप्ता, अनिरुद्ध प्रसाद गुप्ता, परशुराम प्रसाद, मोहन प्रसाद साह, रंगकर्मी महेश स्वर्णकार, शिवनाथ प्रसाद आर्य, जयप्रकाश गुप्ता, कृष्ण मोहन प्रसाद, सीए अमित कुमार, कृष्ण कुमार वैष्णवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं अभिनेत्री वैष्णवी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस जयंती समारोह में अमित कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद वर्मा, विजय कुमार, शिवनाथ प्रसाद आर्य, डॉ राजन कुमार, धर्मनाथ पिंटू, आजाद भारती, नवीन कुमार, मुकेश कुमार, आनंद बाबूलाल बबली, दीपक स्वर्ण, अमित गोल्ड, आनंद वर्मा, के के सिंह सेंगर, वेद प्रकाश, डॉ विश्वजीत, किशोर कुमार, वीरेंद्र साह मुखिया, संतोष कुमार, शिवानंद प्रसाद, राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड मुजफ्फरपुर को मिला द्वितीय पुरस्कार



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर/पूसा।** शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड मुजफ्फरपुर को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसान मेला 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया जोनल रिक्रूटमेंट प्रबंधक संतोष कुमार झा के निर्देशन में शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड ने इस मेले में किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाते हुए मृदा की उर्वरक क्षमता बढ़ाने और आवश्यकता अनुसार फसल प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया इस दौरान सर्विस मैनेजर ने कहा कि रासायनिक सामग्री का प्रयोग कम कर जैविक खेती करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है साथ ही फसल चक्र अपनाने की सलाह दिए उत्पादों की विश्वसनीयता को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे सुप्रशिक्षित कृषि अधिकारी की टीम एक कॉल पर सर्विस के लिए उपलब्ध है मौके पर राकेश मिश्रा ,कामेश मिश्रा, सुजीत कुमार सिंह ,अभय रंजन, जयप्रकाश तिवारी ,रितेश कुमार सिंह, विजय कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

# एनपीएस खाता नही खुलने से आर्थिक तंगी से गुजर रहे विशिष्ट शिक्षक :समरेंद्र

नई सोच एक्सप्रेस

» विशिष्ट शिक्षकों के वेतन निर्धारण का डीपीओ ने दिया निर्देश



**छपरा।** परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ,सारण के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह के अनुरोध पर डीपीओ स्थापना धनंजय पासवान ने सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर नियोजित से विशिष्ट बने शिक्षकों के वेतन निर्धारण करने का निर्देश सोमवार को दिया। डीपीओ ने अपने निर्देश में कहा है कि जो शिक्षक मानक अर्हता पूरी कर विशिष्ट शिक्षक के रूप में अपना योगदान कर चुके है, उनके वेतन का निर्धारण सरकार द्वारा अधिसूचित प्रावधान के तहत किया जाना है। सभी प्रखंड शिक्षा अधिकारी को विभाग स्तर से आदेशित और जारी कुल 21 प्रविष्टियों वाले वेतन निर्धारण प्रपत्र को भी संलग्न किया गया है। जिससे इन शिक्षकों के वेतन का निर्धारण हो सके। शिक्षक नेता समरेंद्र सिंह ने डीपीओ से कहा कि विशिष्ट शिक्षकों का एनपीएस खाता अभी तक जेनरेट नहीं हुआ है। जिस कारण विशिष्ट शिक्षक आर्थिक परेशानी से गुजर रहे है। उन्होंने शीघ्र प्राण संख्या जेनरेट करने में आ रही समस्याओं का निदान करने का भी अनुरोध किया । इस मौके पर संजय यादव,इंद्रजीत महतो,हवलदार मांझी,विनोद राय,निजाम अहमद,सूर्यदेव सिंह,अनुज यादव,पीयूष तिवारी,संतोष कुमार सिंह,अनिल दास,एहसान अंसारी,मोइनुद्दीन अंसारी,विनायक यादव,जिंतेंद्र राम,विनोद विद्यार्थी,रणजीत सिंह,पंकज प्रकाश,श्यामबाबू सिंह, बलराम यादव,प्रकाश रमन,प्रीतम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते पकड़े जाने पर भड़ना पड़ेगा जुर्माना

नई सोच एक्सप्रेस




**समस्तीपुर।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति समस्तीपुर-रोशन कुशवाहा भा.प्र.से., की अध्यक्षता में जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति सह अन्य सरकारी पदाधिकारियों एवं अन्य हितधारकों हेतु जिला स्तरीय उन्मुखी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ,जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के अलावे पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर ज़िला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू के सेवन से न सिर्फ सेहत पर इसका दुष्प्रभाव परता है साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है। तम्बाकू सेवन न करके जिंदगी के साथ साथ आर्थिक नुकसान को भी बचाया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने तम्बाकू नियंत्रण हेतु छापमार दस्ता के सदस्यों को निर्देश दिया की शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में अवस्थित सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को हटवाते हुए नियमित रूप से छापामारी करने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने अपने कार्यालयों मे तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया l अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान को सफल करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करनी होगी। जिससे हम अपने आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचा सकते हैं। साथ ही समाज के आम लोगों के बीच जाकर लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करना होगा। जिससे तंबाकू के सेवन पर नियंत्रण लगाने में सफलता मिलेगी। तम्बाकू नियंत्रण हेतु राज्य सरकार की तकनीकी सहयोगी संस्था सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील चौधरी ने राज्य सरकार एवं सीड्स के द्वारा संयुक्त रूप से राज्य के सभी 38 जिलो में चलाए जा रहे तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत COTPA-2003 की विभिन्न धाराओ के बारे में विस्तार से बताया साथ ही चलानिंग के बारे मे भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन करना एक खतरनाक आदत है जहां छोटे-छोटे बच्चे हैं वहां तो स्थिति और भी अधिक नाजुक बन जाती है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाए जाने के काफी अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। सभी स्तर पर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोविड-19 से लड़ कर हम ने उसे परास्त किया उसी प्रकार हमें तंबाकू को समाप्त करने हेतु लड़ाई लड़नी होगी। विदित हो कि सार्वजनिक स्थलों यथा सिनेमा हॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक सड़क, शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों सहित अन्य स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है। कार्यशाला के प्रारंभ में डॉ० संजय कुमार चौधरी, सिविल सर्जन, समस्तीपुर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तम्बाकू नियंत्रण के जिला नोडल पदाधिकारी (तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम) डॉ विजय कुमार ने तम्बाकू नियंत्रण जिले में की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। आज के कार्यशाला में उपविकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, सभी सरकारी विभागों के पदाधिकारी,सिविल सर्जन, डीपीआरओ, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सीड्स के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील चौधरी, एस पी एम सुदर्शन सिंह, मनोज कुमार झा जिला कार्यक्रम समन्वयक, आलोक कुमार (M & E), आदित्य कुमार झा (DPC) सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित थाना अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्तीपुर ज्ञानेंद्र शेखर ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के 39वी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** लोहिया आश्रम समस्तीपुर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के 39वी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर उनके 101 वीं जयंती वर्ष में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना का अनुरोध किया है। इससे पूर्व भी 17 फरवरी 20 24 को उनके 38 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पत्र लिखकर इस तरह का अनुरोध किया जा चुका है। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना होने से सदियों तक आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष पूर्ण जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेती रहेगी। श्रद्धांजलि देने वालों में उजियारपुर की पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी, जिला महासचिव सह मीडिया प्रभारी अनस रिजवान, प्रमोद मिलिंद, कृष्णदेव राय,अशरफी सहनी, राजकुमार साह, रजा अहमद,अभिषेक कुमार, रंजीत कुमार फोजी, रत्न चौधरी, विष्णुदेव सहनी, संजीत कुशवाहा,शुभकांत ठाकुर,बबलू यादव,मंजय राय, महेश्वर प्रसाद सिंह, रायबहादुर सिंह, अखिलेश कुमार अजय, अनिल कुमार यादव, कृष्णा राय, सुजित कुमार आदि मौजूद रहे।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह

मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## आत्मनिर्भर बिहार का सपना 2047 तक पूरा करने का संकल्प

### 2047 तक बिहार को सेल्फ रिलाइंट बनाने की विकास वैभव की सोच



नई सोच एक्सप्रेस

**[भारत के उदारीकरण वैश्वीकरण और निजीकरण की नीतियों का बिहार की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ रहा है। आईपीएस विकास वैभव का प्रयास हैं कि बिहार प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बने। जब बिहार आत्मनिर्भर बनेगा तो भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उनकी सलाह हैं कि बिहार के बौद्धिकों को अनुसंधान एवं विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और इनक्यूबेटरों का समर्थन करके बिहार में नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिये। सामाजिक कल्याण योजनाओं के कवरेज और गुणवत्ता का भी विस्तार करने के लिए ज्वाबदेहियों को प्रोत्साहित करना चाहिए, जो समाज के गरीब और कमज़ोर वर्गों को बुनियादी आय सहायता, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा छात्रवृत्ति, आवास सब्सिडी और कौशल विकास प्रदान कर सके। महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों और हाशिये पर स्थित अन्य समूहों को उनके लिये समान अधिकार, अवसर और आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करके सशक्त समाज बनाने के लिए विकास वैभव वकालत करते रहते है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षरण को बिहार में कम करने के लिए हरित नीतियों को बनाने और उस पर चिंतनशील होने के लिए, बौद्धिकों को लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की तरफ से मैं व्यक्तिगत रूप से अपनी लेखनी के माध्यम से प्रयासरत रहता हूं, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (GHGs) को कम कर सकती हैं, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे सकती हैं, ऊर्जा दक्षता बढ़ा सकती हैं, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर सकती हैं, जैव विविधता की रक्षा कर सकती हैं और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार कर सकती हैं। ]** भारत एक बड़ी और जटिल अर्थव्यवस्था है जिसके समक्ष वृद्धि और विकास की अपनी यात्रा में कई चुनौतियाँ और अवसर मौजूद हैं। देश ने अपनी चुनौतियों का समाधान करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिये विभिन्न सुधार किये हैं। 1.3 बिलियन से अधिक की आबादी और 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालाँकि देश के समक्ष कई आर्थिक चुनौतियों भी मौजूद हैं और उनसे निपटने के लिये कई सुधार किये गए हैं। यदि भारत अपनी आर्थिक चुनौतियों को दूर कर सके और अपने आर्थिक सुधारों को बनाये रख सके तो वह 21वीं सदी में वैश्विक नेता बनने की क्षमता रखता है। भारत ने उदारीकरण की अपनी प्रक्रिया वर्ष 1991 में शुरू की, जब उसे भुगतान संतुलन संकट का सामना करना पड़ा और सहायता के लिये अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) से सहायता लेनी पड़ी। इन सुधारों का उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों—जैसे उद्योग, व्यापार, वित्त और विदेशी निवेश में सरकारी हस्तक्षेप एवं विनियमन को कम करना था। सुधारों में लाइसेंस-परमिट-कोटा प्रणाली को समाप्त करना भी शामिल था, जो निजी कंपनियों के प्रवेश और विस्तार को प्रतिबंधित करती थी। उदारीकरण ने भारत को उच्च विकास दर प्राप्त करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत होने में मदद की है। भारत ने सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSEs) का भी निजीकरण किया है। निजीकरण का उद्देश्य है सार्वजनिक उपक्रमों की दक्षता, लाभप्रदता एवं प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार करना; राजकोषीय बोझ कम करना; और विकास के लिये संसाधनों का सृजन करना। वर्ष 1991 के बाद से भारत ने 60 से अधिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण किया है, जिससे 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटाये गए हैं। भारत ने भी वैश्वीकरण को भी अपनाया है, जिसका अर्थ है विश्व अर्थव्यवस्था के साथ अपने खुलेपन और एकीकरण को बढ़ाना। वैश्वीकरण में व्यापार प्रवाह (निर्यात एवं आयात), पूंजी प्रवाह (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एवं पोर्टफोलियो निवेश), प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (पेटेंट एवं लाइसेंस), और प्रवासन प्रवाह (कामगारों और छात्रों के रूप में) को बढ़ाना शामिल है। भारत ने कोविड-19 महामारी और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के जवाब में वर्ष 2020 में एक नई आर्थिक नीति की घोषणा की। इस नीति में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों और खंडों को समर्थन प्रदान करने के लिये 20 लाख करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद के 10% के बराबर) का प्रोत्साहन पैकेज शामिल है। नीति में कृषि, श्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, खनन, बिजली और कराधान जैसे क्षेत्रों में सुधारों की एक श्रृंखला भी शामिल है। इस नीति का लक्ष्य भारत को पोस्ट-कोविड विश्व में आत्मनिर्भर (self-reliant) और प्रत्यास्थी (resilient) बनाना है। श्रम संहिता (Labour Codes) में चार कोड या संहिताएँ शामिल हैं जिनका उद्देश्य केंद्रीय श्रम कानूनों को चार व्यापक श्रेणियों में समेकित एवं सरलीकृत करना है। और, यें चार श्रेणियां हैं– वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा एवं व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य। भारत की वर्तमान आर्थिक नीतियों पर बिहार कितनी तटस्थता से अपनी भूमिका निभा रहा है। भारत के उदारीकरण वैश्वीकरण और निजीकरण की नीतियों का बिहार की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ रहा है। आईपीएस विकास वैभव का प्रयास हैं कि बिहार प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बने। जब बिहार आत्मनिर्भर बनेगा तो भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उनकी सलाह हैं कि बिहार के बौद्धिकों को अनुसंधान एवं विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और इनक्यूबेटरों का समर्थन करके बिहार में नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिये। सामाजिक कल्याण योजनाओं के कवरेज और गुणवत्ता का भी विस्तार करने के लिए ज्वाबदेहियों को प्रोत्साहित करना चाहिए, जो समाज के गरीब और कमज़ोर वर्गों को बुनियादी आय सहायता, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा छात्रवृत्ति, आवास सब्सिडी और कौशल विकास प्रदान कर सके। महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों और हाशिये पर स्थित अन्य समूहों को उनके लिये समान अधिकार, अवसर और आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करके सशक्त समाज बनाने के लिए विकास वैभव वकालत करते रहते है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षरण को बिहार में कम करने के लिए हरित नीतियों को बनाने और उस पर चिंतनशील होने के लिए, बौद्धिकों को लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की तरफ से मैं व्यक्तिगत रूप से अपनी लेखनी के माध्यम से प्रयासरत रहता हूं, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (GHGs) को कम कर सकती हैं, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे सकती हैं, ऊर्जा दक्षता बढ़ा सकती हैं, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर सकती हैं, जैव विविधता की रक्षा कर सकती हैं और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार कर सकती हैं। बिहार में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान चला रहे आईपीएस विकास वैभव 2047 तक बिहार को सेल्फ रिलाइंट (आत्मनिर्भर) बनाने के लिए कठीन प्रयास कर रहे है। इस सोच को सफ़ल बनाने के लिए और बिहार के हर नागरिक को जागृत करने और उनकी एकाउंटेबिलिटी (जवाबदेही) सुनश्चित कराने के लिऐ प्रेरणजोत और ज्ञानजोत को माध्यम बना रहे है। हम सब बिहार के निवासियों को एकसाथ मिलकर, आईपीएस विकास वैभव के पवित्र विचारों को समाज कल्याण हेतु स्थापित करने में मदद करनी चाहिए। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने पर डायल 112 या 101 पर दें सूचना, 20 मिनट में ही पहुंचेगी टीम

**मोतिहारी**। जिले में हल्की गर्मी के दस्तक के साथ पछुआ हवा जोर पकड़ने लगी है। इस कारण से अगलगी की घटना की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग को अलर्ट किया गया है। जिले में छह फायर स्टेशन कार्यरत हैं। जिसमें मोतिहारी सदर अनुमंडल, चकिया, पकड़ीदयाल, सिकरहना, रक्सौल व अरेराज शामिल है। अग्निशमन विभाग के पास फिलहाल 36 आग अग्निशमन गाड़ियां है। जिसमें 15 बड़ी गाड़ी व 21 छोटी गाड़ी है। जिला अग्निशमन कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया गया है। किसी तरह की अगलगी की सूचना के लिए कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया गया है। जिसमें अग्निशमन की घटना की जानकारी दिया जा सकता है। इसमें जिला कंट्रोल रूम 7485805980/81 व लैंड लाइन नंबर 06252-232911, रक्सौल के कंट्रोल रूम का नंबर 7485805982, पकड़ीदयाल - 7485805990/91, चकिया-7485805984/85, सिकरहना - 7485805988/89, अरेराज-7485805986/87 शामिल है। पदाधिकारी तृप्ति सिंह ने बताया कि जिले के 21 थानों में छोटी फायर वाहन को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में तीन वर्षों के अग्निकांड की समीक्षा कर अतिसंवेदनशील 14 फायर हॉट स्पॉट चिंहित किया गया है। जहां 15 मार्च से एक-एक वाहन प्री पोजिशनिंग करेगा। सभी वाहनों में जीपीएस व टैबलेट लगाया गया है। ताकि अग्निकांड स्थल पर जाने में आसानी हो। इसके अलावा जीआईएस मैपिंग कर जिले में जितने भी जल स्रोत एवं हाईडेंट हैं।उसको एप पर अपलोड कर दिया गया है। इसको देखकर वाहन आसानी से पानी भर सकेगा। बताया कि राज्य अग्निशमन मुख्यालय द्वारा गर्मी को देखते हुए एक वाटर बाऊजर 12000 लीटर कैपेसिटी एवं एक वाटर टेंडर जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिला अग्निशमन नियंत्रण कक्ष को पूर्ण कम्प्यूटराइज्ड एवं आधुनिकीकरण करते हुए 101 व 112 से जोड़ा गया है।

### आपदा से निपटने के लिए लाखों की आबादी वाले क्षेत्र में एक बड़ी दमकल वाहन की मांग रफीक आलम



**किशनगंज**। सोमवार ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अब्दुल कलाम आजाद चौक पावर हाउस के समाजसेवी मो० रफीक आलम ने पत्रकारवार्ता करते हुए बताया कि सुखा मौसम और पुरया पछिया हवा का दिन आ गया है अब आएदिन अखबार और न्यूज़ चैनलों के माध्यम से जानकारी मिलेगी के तेज हवा के वजह से आग लगी घटना प्रकाश में आया है स्थानीय लोगों के मदद से आग बुझाने में सफल रहा लोग आग बुझाने में कामयाब हो जाता है लेकिन सारा समान जल कर राख हो जाता है क्योंकि इस का मुख्य कारण यह की ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र लाखों की आबादी है। लेकिन इतनी बड़ी क्षेत्र में सर्किल थाना पर एक बड़ी दमकल वाहन नही है छोटी छोटी वाहन रहने के कारण समय पर आग बुझाने में कामयाब नहीं हासिल कर पाते आखिर प्रशासन भी करे तो करे क्या इसका जिम्मेदार बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि होते हैं अगर आज सांसद और विधायक लोकसभा से लेकर विधानसभा तक बड़ी दमकल वाहन की मांग करें तो सरकार को देना पड़ेगा क्योंकि यह लाखों की आबादी है बड़ी अफसोस की बात है कि इतनी बड़ी क्षेत्र में एक दमकल वाहन नही है आगे रफीक आलम ने कहा कि मैं सरकार से और स्थानीय बड़े-बड़े जनप्रतिनिधियों से मांग करता हूं कि अपनी लेडर पेट पर बड़ी दमकल वाहन का मांग करें ताकि सरकार तक बात पहुंचे और लाखों की आबादी वाली क्षेत्र ठाकुरगंज में एक दमकल वाहन दें। और आगे इस बाबत पर उन्होंने बताया कि मैं स्थानीय सांसद और विधायक से अपील करता हूं कि वह भी यह मांग सख्त जरूरी है और लोकसभा और विधानसभा सत्र के दौरान यह आवाज़ उठाएं।

### अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-281: काव्य सम्मेलन एवं परिचर्चा का भव्य आयोजन

**नई दिल्ली**। विश्व मगही परिषद् द्वारा आयोजित "अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-281" का भव्य आयोजन दिनांक 16 फरवरी 2025 को संध्या 6:00 बजे किया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु समर्पित एक महत्वपूर्ण मंच रहा, जिसमें ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों, कवियों और विद्वानों ने भाग लिया। इस काव्य सम्मेलन एवं परिचर्चा में मगही भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक धरोहर के विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए। प्रख्यात कवियों ने अपनी सशक्त कविताओं के माध्यम से मगही भाषा की समृद्धि और उसकी महत्ता को उजागर किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों ने मगही भाषा के विकास, इसकी लोकभाषायी परंपराओं और साहित्यिक प्रभाव पर गहन चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मगही भाषा के संरक्षण और प्रसार के लिए साहित्यिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व मगही परिषद् के महासचिव प्रो. डॉ. नागेंद्र नारायण ने अपने उद्बोधन में कहा कि मगही भाषा का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार आवश्यक है और इसके लिए सभी साहित्यकारों, शोधार्थियों और भाषा प्रेमियों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने परिषद् द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का समापन एक सार्थक निष्कर्ष के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मगही भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। विश्व मगही परिषद् द्वारा आयोजित यह आयोजन साहित्य और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ और मगही भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत जी ने की और भाग लेने वालों में ललित कुमार शर्मा , नीता सिंह पुतुल , समाजसेवी श्रीमती रंजना कुमारी , गीतकार राजकुमार, लखीस गीतकार ( डा ) शिवेंद्र नारायण सिंह, अनमोल शर्मा ,मगही रत्न जयप्रकाश सिंह, अनमोल शर्मा, शेखपुरा से ममता कुमारी, वंदना कुमारी, रागिनी कुमारी, चुनचुन पांडेय गया से विशाल यादव, बालेंदु कुमार बमबम, पूनम कुमारी, पटना से पूजा ऋतुराज, संगीता शर्मा, सुमित शर्मा पीयूष और नई दिल्ली से डॉ सत्येंद्र सत्यार्थी सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए।

### मंदिर और मंडप में नहीं बल्कि ग्राम कचहरी में हुई प्रेमी युगल की शादी, सरपंच ने बना दी जोड़ी



**मोतिहारी**। एक अनोखी शादी हुई है। यह शादी मंदिर और विवाह मंडप में नहीं हुई है बल्कि ग्राम कचहरी में संपन्न कराई गई है। आपने आजतक विवाह मंडल और मंदिर में शादी तो सुनी होगी लेकिन शायद ग्राम कचहरी में सात फेरों की बात नहीं सुनी होगी लेकिन मोतिहारी में अब ऐसा भी संभव है। मोतिहारी में एक सरपंच ने ग्राम कचहरी में प्रेमी युगल की शादी करा दी, जो अब इलाके के लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, यह मामला चिरैया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कहचरी सिरौना की है, जहां पिछले 6 वर्षों से एक दूसरे से प्यार कर रहे प्रेमी युगल ने सरपंच को साक्षी मान कर प्रेम विवाह कर लिया। बताया जा रहा है कि पताही प्रखंड के छोटाक बलुआ निवासी जगदीश कुमार और चिरैया प्रखंड के सिरौना निवासी गुड़िया देवी एक दूसरे से बेपनाह प्यार करते थे। दोनों शादी कर एकसाथ रहने के वादे भी एक दूसरे से कर चुके थे लेकिन दोनों के परिवार वालों को यह मंजूर नहीं था। जब सरपंच कुमार सौरभ को इस बात की जानकारी मिली। जिसके बाद सरपंच ने पहल शुरू किया और प्रेमी युगल को अपने कार्यालय बुलाया। दोनों की रजामंदी जानकर सरपंच ने अपने कार्यालय में ही दोनों की शादी करा दी। शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद यह अनोखी शादी चर्चा का विषय बन गई है।

# उल्लासपूर्ण संपन्न हुआ हिन्दी साहित्य परिषद का दुसरा मासिक काव्य महोत्सव

नई सोच एक्सप्रेस

**कोलकाता**। कोलकाता के गरिया स्थित आशीर्वाद अतिथि गृह में हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा दुसरी मासिक गोष्ठी का आयोजन परिषद अध्यक्ष संजय शुक्ल के मार्गदर्शन और नन्दू बिहारी के संयोजन में सोल्लास संपन्न हुआ।इस अवसर पर हिन्दी साहित्य परिषद ने झारखंड के जमशेदपुर से पधारी कवयित्री द्वय डॉ रागिनी भूषण और सोनी सुगंधा का सम्मान और काव्य महोत्सव का आयोजन डॉ सुशीला ओझा के अध्यक्षता में किया।इस अवसर पर शहर के 45 कवियों ने अपने काव्य रस के सुगंध से काव्य वाटिका को अति सुगंधित कर दिया।निरंतर 5 घंटे तक एक से बढकर एक सृजन के साथ साथ वसंत और फाग भी पढा गया। कार्यक्रम का आरंभ नन्दू बिहारी द्वारा गणेश वंदना और प्रणति ठाकुर के सरस्वती वंदना एवं परिषद अध्यक्ष संजय शुक्ल के स्वागत वक्तव्य



से हुआ। इसके बाद दो बच्चों की आवृति में विद्या झा ने कालीदास और फैजल गोंडवी ने हास्य की कविता पढी।पश्चात क्रमश सभी रचनाधर्मी ने अपने धर्म का पालन करते हुए एक से बढ़कर एक रचना सुनाये। कार्यक्रम में उपस्थित रहे गीतकार चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय अनुरागी नन्द लाल सेठ रौशन रंजीत भारती रामनारायण झा देहाती गजेन्द्र नाहटा अवधेश मिश्र रामपुकार सिंह विश्वजीत शर्मा आदित्य त्रिपाठी वंदना पाठक श्वेता गुप्ता डॉ शिप्रा मिश्रा शाहिद फरोगी अयूब खान दिनेश धानुक पुनीत अग्रवाल कमल पुरोहित शकील गोंडवी अनुज कुमार जीवन सिंह सोहेल खान सोहेल जतिब हयाल कालिका प्रसाद उपाध्याय अनीसा शाबरी रीमा पांडेय सत्यप्रकाश दूबे एवं शब्दाक्षर प्रमुख रवि प्रताप सिंह की विशेष उपस्थिती रही। कार्यक्रम का अद्भुत संचालन प्रदीप कुमार धानुक ने किया तो धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज मिश्र ने किया।

## श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में हेल्थ कैंप आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा स्वास्थ्य शिविर का योजन किया गया । भारतीय कैंसर सोसाइटी के डॉक्टरों की टीम जिसमें ई.एन.टी. विशेषज्ञ, चिकित्सक, सर्जन शामिल रहे। विशेषज्ञों की टीम ने शिक्षको गैर शिक्षको और छात्रों के स्वस्थ को जांच की। यह कार्यक्रम व्हूस के सहयोग से कॉलेज के प्राचार्य गुर मोहिंदर सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। गवर्निंग बॉडी की रुपिंदर कौर और एन. एस. एस.इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रुचि कौर ने शिविर आयोजन में सहयोग देने के लिए सबके प्रति आभार जताया। हेल्थ सेंटर की कार्यकारिणी सदस्य निम्मी सिंह और शिक्षिका दीपाली जून ने भी इस आयोजन पर आभार जताया। साथ ही छात्रों और शिक्षको के लिए इस तरह के शिविरों को महत्वपूर्ण बताया।

## राजधानी एक्सप्रेस विलंब परिचालन से यात्रियों को हुई परेशानी




नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार**। रेल मंडल अंतर्गत प्रयागराज से कटिहार की ओर आने वाली राजधानी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के सोमवार को अविलंब घंटों लेट परिचालन से यात्रियों को यात्रा के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को ट्रेन नंबर 12424 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 12 घंटे लेट कटिहार पहुंची। इसी तरह ट्रेन नंबर 12488 सीमांचल एक्सप्रेस लगभग 22 घंटा लेट, ट्रेन नंबर 15484 महानंदा एक्सप्रेस 22 घंटा लेट, ट्रेन नंबर 12506 नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस 22 घंटा लेट कटिहार पहुंची। वही सोमवार की ट्रेन नंबर 12487 सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन को रेल प्रशासन द्वारा 8 घंटे 15 मिनट रि-शेड्यूल कर चलाया गया। सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन सोमवार की जगह मंगलवार को सुबह 5:00 बजे जोगबनी से खुलेगी । इसी क्रम में एनजीपी से कटिहार आने के क्रम में महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन 3 घंटे लेट रही जबकि साप्ताहिक ट्रेन गांधीधाम एक्सप्रेस ट्रेन भी सोमवार को 5 घंटे लेट कटिहार पहुंची। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सरकारी नौकरी की तलाश के बीच रोमांचक सफर की कहानी है फ़िल्म "सरकारी बच्चा", 28 फरवरी को रिलीज़

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। क्या आपने कभी ऐसी प्रेम कहानी सुनी है जिसमें शादी प्यार पर नहीं बल्कि "सरकारी नौकरी" पर निर्भर करती हो? तो लीजिए! एक मज़ेदार रोलरकोस्टर राइड के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि "सरकारी बच्चा" पारंपरिक रोमांस को पूरी तरह से बदल देने के लिए तैयार है! "फ्लाइंग बर्ड पिक्चर्स" के बैनर तले दानिश सिद्दीकी द्वारा निर्मित और सूर्यकांत त्यागी व दानिश सिद्दीकी की जोड़ी द्वारा निर्देशित फ़िल्म "सरकारी बच्चा" आधुनिक समय के प्यार पर एक नया, अनोखा नज़रिया पेश करती है, जहाँ अंतिम परीक्षा सिर्फ़ दिल की नहीं बल्कि एक स्थिर सरकारी तनख्वाह की भी होती है। इसका फिल्मांकन बुंदेलखंड, महोबा उत्तरप्रदेश में किया गया है। रुसलान मुमताज़ और अन्या तिवारी अभिनीत, सरकारी बच्चा एक ऐसे युवक की कहानी है जो प्यार में डूबा हुआ है, लेकिन उसे एहसास होता है कि उसकी सबसे बड़ी बाधा



लड़की को प्रभावित करना नहीं है, बल्कि एक सुरक्षित सरकारी नौकरी से उसके परिवार को प्रभावित करना है - जो उसके पास नहीं है। हास्य, रोमांस, विचित्रता और ड्रामा से भरपूर यह फिल्म एक मध्यम वर्गीय परिवार के जुनून और प्यार पर स्थिरता के जुनून को दर्शाती है। फ़िल्म में बृजेन्द्र काला, एहसान खान, दिवंगत जूनियर महमूद, आशीष सिंह, दानिश सिद्दीकी, गुरप्रीत कौर चड्ढा, रिजवान सिकंदर, अनुपूर्णिमा, सुहानी सुधी, नसीम सिद्दीकी, अन्या और हेमंत चौधरी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की टोली शामिल है। फिल्म में प्रसिद्ध गायक जावेद अली, रितु पाठक, रितु राज मोहंती और हरमन नाजिम की आवाज़ों के साथ बेहतरीन गाने हैं, जिसका संगीत दानिश अली, नजाकत शुजात और शाहजहां शेख सागर ने तैयार किया है। जहाँ तक निर्माता दानिश सिद्दीकी जो युवा व ऊर्जावान हैं कि बात करें तो, इन्होंने वर्तमान समय के अनुसार सटीक विषय को लेकर एक दमदार फ़िल्म का निर्माण किया है फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्माता दानिश सिद्दीकी ने साझा किया कि, "सरकारी बच्चा" एक हल्की-फुल्की लेकिन प्रासंगिक कहानी है जो कई युवा भारतीयों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविक जीवन की दुविधा को दर्शाती है। यह हास्य, भावनाओं और संगीत से भरपूर है जो निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आएगी। निर्देशक सूर्यकांत त्यागी ने कहा, "हम एक ऐसी फिल्म बनाना चाहते थे जो मनोरंजन करे, लेकिन साथ ही समाज के एक खास तबके के जुनून को भी सूक्ष्मता से दिखाए, जो मानते हैं कि आज की तकनीकी दुनिया में करियर के ढेरों विकल्पों के बीच केवल सरकारी नौकरी ही सबसे सुरक्षित है। हमारे नायक की यात्रा हास्यप्रद और प्रेरणादायक दोनों है।" सुरेश एल वर्मा और चंदन के पंडित द्वारा सिनेमैटोग्राफी और एसवाई77 पोस्टलैब व साउंड डिज़ाइनर इमरान सैफ़ी के द्वारा पोस्ट-प्रोडक्शन के साथ, सरकारी बच्चा एक आकर्षक और मनोरंजक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 28 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की एक और खासियत अभिनेत्री श्रेष्ठा अय्यर का शानदार अभिनय व आईटम सॉन्ग है जो सर्वोत्कृष्ट बॉलीवुड मसाला जोड़ देगा। बतादें श्रेष्ठा प्रसिद्ध क्रिकेटर श्रेयश अय्यर की बहन हैं। फ़िल्म "सरकारी बच्चा" अपने मजाकिया संवादों, आकर्षक पटकथा और एक ऐसे विषय के साथ जिससे हर भारतीय घर जुड़ा हुआ है, आपको गुदगुदाने और आपके दिल को छूने के लिए तैयार है।

## साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा टैरिफ याचिका पर जन सुनवाई किया गया

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। बिहार विद्युत विनियामक आयोग, पटना के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के लिए बिजली दर निर्धारण हेतु क्षेत्र में आयोजित जन सुनवाई के अवसर पर उपभोक्ताओं एवं हित कारकों के व्यापक सहभागिता हेतु शिविर का आयोजन जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय नेतृत्व में और आमिर सुभानी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में कंपनी मुख्यालय साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक राजस्व अरविन्द कुमार द्वारा पोस्टपेड टैरिफ प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही शिविर में उपभोक्ताओं के समस्याओं तथा सुझावों को भी सुना गया तथा उसके निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। आमिर सुभानी ने उपभोक्ताओं की समस्याओं का निष्कर्ष निकालते



हुए उसका त्वरित निदान करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया गया। विद्युत दर निर्धारण हेतु वितरण कंपनियों ने टैरिफ प्रस्ताव आयोग के समक्ष रखा है। आयोग द्वारा उक्त प्रस्ताव पर निर्णय से पूर्व आम नागरिकों हितधारको एवं संगठनों से सुझाव प्राप्त किया गया है। जिसके लिए आयोग ने विभिन्न जिलों में जन-सुनवाई करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के आलोक में जहानाबाद जिले में बिजली दर निर्धारण हेतु जन सुनवाई किया गया है तथा जहानाबाद जिलावासियों से अपील किया गया है। विद्युत कंपनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए समर्पित टैरिफ याचिका पर जन सुनवाई का कार्यक्रम साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में जिला में किया जा रहा है।

## हसनपुर प्रखंड के पी सी हाई स्कूल पटसा में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर/हसनपुर**। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पी० सी० हाई स्कूल पटसा में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ मगध सूगर एंड एनर्जी लिमिटेड के महाप्रबंधक आर के तिवारी, विद्यालय के निदेशक राम किशोर राय, प्राचार्य संजीत कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आए हुए मुख्य अतिथि को मिथिला परंपरा के अनुसार पुष्प माला मिथिला पेंटिंग युक्त चादर तथा मिथिला पेंटिंग युक्त पाग से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से छात्र मेधा, निशा तथा पूजा ने की। स्वागत गीत अनु, नेहा तथा मुस्कान के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों में बच्चों के द्वारा



प्रस्तुत नृत्य, गायन, झांकी, लोक नृत्य, धार्मिक गीत तथा एकांकी का आनंद लिया। छात्रा निशा, प्रिया, अर्पिता, मनीषा, मेधा के द्वारा गाए गए गीत आजू मिथिला नगरिया निहाल सखिया को अभिभावकों में सराहा । इसी तरह महाभारत की थीम पर कृष्ण लीला का मंचन जायसी, अंजलि, हर्षिता, वैष्णवी, सौम्या के द्वारा किया गया। सबसे मंत्र मुग्ध करने वाली झांकी अपन बिहार में बिहार के विभिन्न पारंपरिक गीत छठ पूजा, क्षीक्षीया डांस, लोक संगीत को दिखाकर छात्र-छात्राओं में अभिभावकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इसी तरह हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की, मां तुझे सलाम, सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, मेरा मुल्क मेरा देश मेरे, बंसी बजैया , अधगिरी नंदिनी, स्कूल चले हम, कौशल्या दशरथ के नंदन, तुम उठो सिया सिंगर करो,पुलवामा के वीर शहीदों, मेरे घर राम आए हैं तथा यह प्रयागराज है, कुंभ मेला पर आधारित नृत्य में छात्र रिया, मीनाक्षी ,समीक्षा, विधि ने बड़ी ही मनोरंजक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नवीन कुमार राय, घनश्याम झा, शिवनाथ मिश्रा, राजकुमार लाल, पंकज मिश्रा,विकास सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, राजीव कुमार सिंह, संदीप पाटिल कृष्ण मुरारी सिंह भोला मिश्रा ,रूपेश मिश्रा, रामाधार ठाकुर, शिवकुमार राम, मुरारी झा, लक्ष्मण झा, राम सागर दास, निरंजन कुमार मिश्रा सहित शत्रुघ्न लोग मौजूद थे ।

## सागर भाटिया के नए ट्रैक राजदारियाँ में दिखा प्राजक्ता कोली और तारुक रैना की जबरदस्त जोड़ी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। कुछ कहानियाँ कभी पूरी नहीं सुनाई जातीं, कुछ भावनाओं को कभी शब्द नहीं मिल पाते, और कुछ गानों में वो ताकत होती है, जो अनकही बातों को भी कह देते हैं। कव्वाली संगीत के दिग्गज, सागर भाटिया ने अपने नए गाने, राजदारियाँ में ऐसी ही एक लाजवाब मिसाल पेश की है। दिल में उतर जाने वाला यह भावुक गीत प्रेम, विरह, और हमारे दिलों में छिपे हुए राजों की हृदयस्पर्शी कहानी सुनाता है। इस गीत के बोल गिनी दीवान ने लिखे हैं। इसे गौरव चटर्जी ने कंपोज़ किया है, तथा गीत को अपनी आवाज़ सागर भाटिया ने दी है। यह ट्रैक प्रतिभाशाली निर्देशक राज मेहता के निर्देशन में बना है, जो जुग जुग जियो में अपने काम के लिए मशहूर हैं। उनकी इस रचना में यूट्यूबर और अभिनेत्री, प्राजक्ता कोली और तारुक रैना के आकर्षक व्यक्तित्व ने जान फूंक दी है। उन्होंने मिलकर झिझक और नाजुक भावनाओं में लिपटे प्यार की सच्ची तस्वीर पेश की है। उनके विस्तृत चित्रण और राज मेहता के माहिर निर्देशन ने इस गाने की भावनात्मक गहराई को बखूबी पर्दे पर उतारा है, जिससे प्यार और नाजुकता के विषय उभरकर सामने आए हैं। इस गाने के बारे में गायक-गीतलेखक, सागर भाटिया ने कहा, राजदारियाँ में उन भावनाओं को प्रतिबिंबित किया गया है, जो हम




सभी महसूस करते हैं, लेकिन कह नहीं पाते, इसलिए यह बहुत निजी गीत है। मैं सूफी संगीत के सार के साथ एक कमर्शियल गीत बनाना चाहता था, इसलिए मुझे अपने दायरों को काफी बढ़ाना पड़ा। इस गाने को मैंने महसूस किया है और मुझे पता है कि लोग इसमें अपनी खुद की कहानी को महसूस करेंगे। इसमें प्राजक्ता और तारुक ने उस रिश्ते और ऊर्जा में जान डाल दी, जो बहुत खास है। उन्होंने इसकी हर धड़कन, हर खामोशी और हर अनकहे शब्द को महसूस किया है।

## जयनारायण इंटर कालेज बरेली में भव्य कवि सम्मेलन

नई सोच एक्सप्रेस

**बरेली**। के टी (कलावती ,तौलेराम ) साहित्यिक विकास समिति पंजीकृत बीसलपुर (पीलीभीत) ने जयनारायण इंटर कालेज बरेली में एक कवि सम्मेलन, पत्रिका विमोचन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र कमल आनंद (रामपुर) ने की , मुख्यातिथि रहे मशहूर शायर विनय साग़र जायसवाल बरेली, तथा विशिष्ट अतिथि रहे गीतकार शिवशंकर यजुर्वेदी कार्यक्रम का सफल संचालन राज शुक्ल ग़ज़लराज ने किया।मां शारदे की वंदना डॉ दिनेश समाधियां (बीसलपुर) ने की।इस अवसर पर जितेन्द्र कमल आनंद,शिव कुमार चंदन , सोहन लाल भारती (तीनों रामपुर) विनय साग़र जायसवाल, हिमांशु श्रोतिए निष्पक्ष ,कमल सक्सेना दीपक



मुखर्जी, डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता ( पांचों बरेली) को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के मद्देनज़र रखते हुए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर थम्मन लाल वर्मा द्वारा संपादित पत्रिका काव्यामृत का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं से ख़ूब वाहवाही बटोरी उनमें प्रमुख रूप से रहे शायर विनय साग़र जायसवाल, जितेन्द्र कमल आनंद , शिवशंकर यजुर्वेदी, हिमांशु श्रोतिए निष्पक्ष, राज शुक्ल ग़ज़लराज, कमल सक्सेना, व्यंग्यकार दीपक मुखर्जी, डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता , शिव कुमार चंदन, सोहन लाल भारती , थम्मन लाल वर्मा विकल, दिनेश समाधियां , रघुवंश तिवारी , कौशल कुमार आस तथा आलोक सैनी आदि।अंत में आभार जयनारायण इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में जितेंद्र कमल आनंद (रामपुर) ने अपनी पुस्तक "आनंद छंद माला ,तथा शिव कुमार चंदन (रामपुर) ने अपनी पुस्तक " तू ही प्राणाधार" शायर विनय साग़र जायसवाल बरेली को सप्रेम भेंट कीं

## सनातन की दिव्यता और आस्था का जीवंत अनुभव है महाकुंभ

भगवान विष्णु की पत्नी यमुना माता और विष्णुपदी के रूप में गंगा मैया का वर्णन वैदिक ग्रंथों में उल्लिखित है। जब गंगा मैया महारानी माता यमुना से जाने की राह माँगती है तब यमुना जी उनको अपने गले लगाकर साथ में प्रवाहित होने का संकल्प लेती हैं, जो प्रयागराज के संगम घाट पर सभी को प्रत्यक्ष दिखाई भी देता है। यहाँ पर गंगा, यमुना और सरस्वती का नामक त्रिवेणी संगम है, जहाँ श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना मैया तो दिखाई देती है परन्तु श्रद्धालु माँ सरस्वती का आभासी अनुभव करते हुए त्रिवेणी संगम में स्नान कर परम आनंद और पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। यमुना मैया से अधिक गंगा जी को पौराणिक कथाओं और वैदिक ग्रंथों में सम्मान प्रसिद्धि मिली। उनका वैभव भी उनसे ज्यादा विस्तृत है। महाकुंभ के पावन अवसर पर हमने भी जनसैलाब के रूप में उत्पन्न की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपना सफर परिजनों के साथ प्रारंभ किया। प्रयागराज तक की यात्रा में हर कदम पर बाधाओं से साक्षात्कार हुआ किंतु आस्था से प्राप्त अदृश्य शक्ति के बल पर जबलपुर से पहुँचकर प्रयागराज में परिजनों के साथ 11 बार आस्था की डुबकी लगाने का पुण्य दैव कृपा से प्राप्त हुआ। स्नान के उपरांत ऐसा लगा मानो संगम में माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के आंचल की छाँव में कुछ क्षण व्यतीत करने किये हों। एक शब्दातीत और अकल्पनीय ऊर्जा का संचार शरीर में अनुभव हुआ। यहाँ यह बतलाना चाहते हैं कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा महाकुंभ के प्रचार-प्रसार को लेकर अलग मायने रहे हैं। उनका प्रभाव इतना गहरा और व्यापक रहा कि देश के कोने - कोने से ही नहीं अपितु विदेशों से भी असंख्य श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित किया। अभी तक 52 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा त्रिवेणी संगम में स्नान करना केवल विश्व कीर्तिमान ही नहीं सनातन की संगठित शक्ति का उद्घोष है। देश - विदेश के साधु - संतों के साथ-साथ जाने माने गणमान्यजनों, उद्योगपतियों, बॉलीबुड की हस्तियों के अलावा खुद राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और अनेक मुख्यमंत्रियों ने भी अपने मंत्रीमण्डल के साथ आस्था की डुबकी लगाकर विश्व कल्याण की कामना की।

# मन्दिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त हो



आरती कुमारी

मन्दिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसेमौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलनेवाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया का करण बनता है? योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए भले ही वीआईपी सिस्टम पर रोक लगायी हो, लेकिन इस रोक के बावजूद महाकुंभ में वीआईवी संस्कृति बाद में भी पूरी तरह हावी रही है। महाकुंभ हो या प्रसिद्ध मन्दिर वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 7 जनवरी को ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्हें ऐसे हासदे की उम्मीद भी नहीं रही होगी। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है। यह एक अतिक्रमण है। यह मानवाधिकारों का हनन है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों में तो बिल्कुल भी नहीं। देश की कानून व्यवस्था एवं न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से 'हताश' हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे। इस तरह की सरकारी घोषणाएं भी समस्या का कारगर उपाय न होकर कोरा दिखावा होती रही है। अक्सर नेताओं एवं धनाढ्यों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को आम लोगों के लिये बंद कर दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है, लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। वीआईपी लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती है, मन्दिर के मूल परिसर-गर्भ परिसर में दर्शन कराये जाते हैं, उनके वाहन मन्दिर के दरवाजे तक जाते हैं, उनके साथ पुलिस-व्यवस्था रहती है, जबकि आम श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल चलना होता है, भगवान के दर्शन दूर से कराये जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की की जाती है। तीर्थस्थलों और गंगा स्नान में वीआईपी संस्कृति की बात कि जाये तो महाकुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार या वाराणसी जैसे तीर्थस्थलों पर आम श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन वीआईपी के लिए अलग घाट बना दिये जाते हैं। जहां आम लोग भीड़ में संघर्ष करते हैं, वहीं खास लोगों के लिए विशेष स्नान व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। कई बार वीआईपी के स्नान के लिए आम श्रद्धालुओं को घंटों रोका जाता है, जिससे भीड़ में अफरातफरी तक मच जाती है। सवाल ये हैं कि जहां करोड़ों लोग जुट रहे हों, वहां आम श्रद्धालुओं की असुविधा को बढ़ाकर वीआईपी स्नान जैसी व्यवस्था क्यों? वीआईपी स्नान के बेहूदे एवं शर्मनाक प्रदर्शन की टीस महाराज प्रेमानंद गिरि के शब्दों में दिखी जब उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा ध्यान वीआईपी पर था। आम श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उनका आरोप है कि पूरा प्रशासन वीवीआईपी की जी-हुजूरी में लगा रहा, तुष्टीकरण में लगा रहा। मोदी के शासन-काल में हिन्दू मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों के लिये जनता का आकर्षण बढ़ा है, बात चाहे श्रीराम मन्दिर अयोध्या की हो या महाकुंभ की या ऐसे ही अन्य धर्मस्थलों की, करोड़ों की संख्या में आम लोग इन स्थानों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन ईश्वर के दर्शन भी उनके लिये दोयम दर्जा एवं असमानता लिये हुए है। देश की आजादी के बाद सरकार ने कुछ मंदिरों में ट्रस्ट के माध्यम से व्यवस्था अपने हाथों में ली। शुरुआत में तो सभी मंदिर आम आदमी के लिये सुगम थे लेकिन धीरे धीरे अब इसमें प्रशासन के लोग अपनी घुसपैठ जमाने लगे। भीड़ भाड़ की स्थिति में अपने लोगों, अधिकारियों एवं नेताओं के लिए अलग से व्यवस्था का इंतजाम करने लगे। धीरे-धीरे ये राजनेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों के वीआईपी दर्शन का आधार बनने लगे। इसका स्वरूप फिर से एक बार और बदला और एक नई संस्कृति का उदय हुआ और वह था वीआईपी दर्शन जो उनलोगों के लिए था जो एक विशेष शुल्क देकर उसका लाभ उठा सकते हैं, यानि भगवान के दरबार में भी दो तरह की व्यवस्था हो गई। एक आम जनता के लिए और एक उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से सक्षम हों। एक आम आदमी जो घंटों लाइन में लगने के बाद मंदिर के अंदर प्रवेश करता है तो उसे बाहर से ही दर्शन करने के लिए बाध्य किया जाता है जैसे वह कोई अछूत हो और वहीं दूसरी ओर आपके सामने ही कुछ वीआईपी लोग बड़े आराम से मंदिर के गर्भगृह में दर्शन लाभ करते हुए नजर आते हैं। लगता है मन्दिरों में दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता को लेकर आम आदमी गुलामी की मानसिकता को ही जी रहा है। इन स्थानों पर उसके स्वाभिमान, सम्मान एवं समानता को बेरहमी से कुचला जा रहा है। ये कैसा मंदिर और ये कैसा दर्शन जहाँ सरेआम आम दर्शनार्थी का अपमान हो रहा है। भगवान के मंदिर में वीआईपी व्यवस्था का क्या औचित्य है? इसलिए जिस भी मंदिर में वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जा रही है उसके खिलाफ जनक्रांति हो। आज हिन्दू मन्दिरों की भेदभाव पूर्ण दर्शन-व्यवस्था को समाप्त करके ही आम आदमी को उसका उचित सम्मान किया जा सकता है, उसकी निराशा एवं पीड़ा को समझा जा सकता है। उन्नत राष्ट्र-चरित्र निर्मित को निर्मित करते हुए सबसे बड़ी जरूरत है कि पास, धन के बल अथवा राजनीतिक वर्चस्व के लिए हकदार का, गुणवंत का, आम आदमी का हक नहीं छीना जाए। अन्यथा आम आदमी के अन्तर पनप रहा यह विद्रोह एवं असंतोष किसी बड़ी क्रांति का कारण न बन जाये? भाजपा सरकार मन्दिरों एवं धार्मिक-स्थलों से वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने के लिये कोई ठोस कदम उठाये।

## सूडोकु नवताल- 7345

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## धर्म अध्यात्मः महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

रमेश सर्राफ धमोरा

रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। ामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था।

# आस्था के नाम पर कब तक होती रहेगी मौतें !

अशोक भाटिया , मुंबई

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की यह घटना उस समय हुई जब महाकुंभ जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर इकट्ठा हुए थे। इस दुखद घटना के पहले भी भगदड़ के कारण अनेक लोग हताहत हुए हैं। कुछ सप्ताह पहले प्रयागराज में महाकुंभ में भी भगदड़ मची थी। 29 जनवरी को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में 36 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए, जब श्रद्धालु मौनी अमावस्या के अवसर पर स्नान करने के लिए इकट्ठा हुए थे। दरअसल महाकुम्भ प्रयागराज में भीड़ के कारण भगदड़ मचने से 36 लोगों की मौत के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुम्भ स्नान के लिए जाने वाले 18 श्रद्धालुओं की मौत हो जाना दुखद त्रासदी है। मानव जीवन बेहद अनमोल है। उसे किसी भी स्थिति में कुचला नहीं जाना चाहिए। जो संसार में पैदा होता है उसका संसार से जाना तय है लेकिन मृत्यु वह होनी चाहिए जो नियति ने तय की हो। क्या प्रयागराज त्रासदी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों को नियति मान लिया जाए। महाकुम्भ की सफलता का श्रेय केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार ले रही है तो भगदड़ और मौतों का ठीकरा भी उसी के सिर फूटना चाहिए। एक ओर तो महाकुम्भ में 51 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा स्नान करने के वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम होने पर उत्सव मनाए जा रहे हैं लेकिन आस्थावान लोगों की मौत का क्या, जिनकी आस्था अधूरी रह गई। शायद यही उनकी नियति है। यह दुखद है कि ऐसे हादसों के बाद बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाने के दावे किए जाते हैं, मगर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। महाकुम्भ में इस बार पहले से ही अनुमान लगाया जा रहा था कि रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। सारा दबाव प्रयागराज पर था लेकिन किसी ने अनुमान ही नहीं लगाया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ की स्थिति हो सकती है। धार्मिक श्रद्धा का सवाल पूरी तरह से व्यक्तिगत है और आस्था प्रतिस्पर्धा या उन्माद का सवाल नहीं है लेकिन इस बार आस्थावान लोगों ने महाकुम्भ में स्नान कर पुण्य कमाने या मोक्ष प्राप्त करने की लालसा को उन्माद में बदल दिया। इसी उन्माद में उन्हें भीड़ के पांव तले कुचले जाने को विवश होना पड़ा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ त्रासदी ने सिस्टम के पुराने जख्मों को फिर कुरेद दिया है। कारण कुछ भी रहे हों लेकिन रेलवे प्रशासन भीड़ का प्रबंधन करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। श्रद्धालु रेलवे प्रशासन की कुव्यवस्था की नाकामी बता रहे हैं। कोई कह रहा है कि भगदड़ प्लेटफार्म बदलने से हुई, कोई यह कह रहा है कि महाकुम्भ के लिए भारी प्रचार का परिणाम यही होना था कि करोड़ों लोग डुबकी लगाने पहुंचने लगे और व्यवस्थाएं ध्वस्त होने लगीं। आस्था के नाम से जीवन की यह पहली घटनाएँ नहीं है इसके पूर्व भी आस्था के नाम पर कई घटनाएँ हो चुकी है जिसमें कई आस्थावान श्रधालुओं की जीवन लीला हर ली है। दिल्ली से करीब 200 किलोमीटर दूर उत्तरप्रदेश के हाथरस में बाबा नारायण हरि साकार उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस भगदड़ की न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया है। हादसे के बाद बुधवार को हाथरस पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। योगी ने घटना में साजिश की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''यह हादसा था या कोई साजिश और अगर साजिश थी तो इसमें किसका हाथ है यह जाँच में पता चल जाएगा। हालांकि, हाथरस में ही पहली बार ऐसा हादसा हुआ है, ऐसा नहीं है। पहले भी भीड़भाड़ वाले स्थलों खासकर धार्मिक आयोजनों या धार्मिक स्थलों पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। जिसके बाद जांच और कार्रवाई तो होती है पर कोई जिम्मेदार सबक लेता नहीं दिखाई देते है। कई हादसों की तो रिपोर्ट ही सार्वजनिक नहीं होती है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। एक जनवरी 2022 को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े थे, जिससे भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 12 लोगों की जान चली गई थी, जबकि एक दर्जन घायल हुए थे। ऐसे ही महाराष्ट्र के सतारा में साल 2005 की 25 जनवरी को मंधारदेवी मंदिर में सालाना तीर्थयात्रा के दौरान मची भगदड़ में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचलने से मौत हो गई थी। तीन अक्तूबर 2014 को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह के समाप्त होने के बाद भगदड़ में 32 जानें गई थीं। चार मार्च 2010 को उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्थित मनगढ़ में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की जान चली गई थी। पटना में गंगा के तट पर 19 नवंबर 2012 को छठ पूजा के दौरान अचानक अस्थायी पुल ढहने से भगदड़ मच गई थी। इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले आठ नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा किनारे हरकी पैड़ी पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थी। भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने के और भी कई उदाहरण हैं। इसके लिए कहीं न कहीं इंतजामों की कमी भी जिम्मेदार होती है। वास्तव में लोग अपनी-अपनी आस्था के कारण धार्मिक स्थलों या आयोजन में शामिल होना चाहते हैं और इसके लिए वे किसी बात की परवाह नहीं करते। ऐसे में जरा सी भी ऊंच-नीच भगदड़ का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 की 14 जनवरी को केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद ऐसी अफवाह फैली, जिससे भगदड़ मच गई और इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी। देश के कई धार्मिक स्थलों के परिसर तो काफी बड़े हैं पर मुख्य दर्शन या पूजा स्थल काफी छोटे हैं। इसमें एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं। नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है। हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की। धार्मिक आयोजन हों या अन्य कोई आयोजन, जिसमें ऐसी हस्तियां पहुंचती हैं, जिनके कारण भारी भीड़ इकट्ठा हो सकती है तो आयोजक खुद को वीआईपी से भी बड़ा मानने लगते हैं। इसके कारण वे लोगों के साथ मनमानी करते हैं। उन्हें रोकते-टोकते हैं। इसके कारण लोगों में गुस्सा पनपने लगता है और यह किसी न किसी रूप में फूटता है। कई बार पत्थरबाजी और तोड़फोड़ होती है तो कई बार वीआईपी के लिए बनाए गए मंच आदि पर भीड़ चढ़ जाती है। हाथरस की घटना में भी इस तरह का नजारा सामने आने की बात प्रत्यक्षदर्शी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाबा के काफिले को निकालने के लिए वहां मौजूद श्रद्धालुओं को आयोजन की व्यवस्था संभालने लगे लोगों ने रोक दिया था, जबकि वे किसी भी कीमत पर बाबा के पास पहुंचना चाहते थे। आमतौर पर प्रशासन भी ऐसे मामलों की अनदेखी करता है। मौसम का भी ऐसे आयोजनों के दौरान भगदड़ का अहम योगदान होता है। सर्दी, गर्मी हो या फिर बारिश का मौसम भारी भीड़ के कारण आयोजन स्थल पर उमस होती ही है। भीषण सर्दी में भी भीड़ के बीच लोगों के पसीना निकलने लगता है। इससे बचने के लिए वे बाहर निकलने की कोशिश करते हैं। अगर गर्मी का मौसम हो तो उमस उन्हें बेचैन करने लगती है। आयोजन अगर बंद स्थान पर हो रहा हो और ठंडी हवा की व्यवस्था न हो तो हर कोई परेशान हो जाता है। खुले में हो रहे आयोजन के दौरान जरा सी बारिश होने या बूंदें पड़ने पर ही लोग भागने लगते हैं। हाथरस के चश्मदीदों के हवाले से बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल भीषण गर्मी थी। उमस से लोग व्याकुल हो रहे थे और इससे भक्तों को बचाने के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए थे। ऐसे में आयोजन खत्म होने के बाद लोग जल्द से जल्द भीड़ से निकलकर हवादार स्थल या अपने घर पहुंचना चाहते थे। इसी जल्दबाजी में स्थिति और भी विकराल होती चली गई। मालूम हो कि हाथरस वाले मामले में उत्तरप्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''इसमें प्रशासन और पुलिस के सेवानिवृत अधिकारियों को रखकर घटना की तह में जाएंगे और जो भी इसके लिए दोषी होगा उन सभी को सजा दी जाएगी।'' गौरतलब है कि जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में हुए हादसे के अब 16 साल बीत चुके हैं। हाथरस वाले हादसे की तरह ही मेहरगढ़ दुखांतिका की जांच के लिए हाई कोर्ट के रिटायर जज जस्टिस जसराज चोपड़ा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन हुआ था। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि 216 लोगों की मौत मामले में हुई जांच की रिपोर्ट आज 16 साल बाद भी सार्वजनिक नहीं हो सकी है। साल 2008 में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे। 30 सितंबर को हुई इस दुर्घटना के बाद दो अक्तूबर को सरकार ने जस्टिस जसराज चोपड़ा की अध्यक्षता में एक न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। जांच आयोग ने करीब ढाई साल बाद अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। लेकिन जब रिपोर्ट सौंपी गई कि तब राज्य में भाजपा की सरकार थी। कहा जाता है कि सरकार ने उस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया और इस घटना के पीड़ितों के परिवारजन न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इसी साल मई में राजस्थान हाईकोर्ट खंडपीठ में जोधपुर के मेहरानगढ दुखांतिका को लेकर चोपड़ा आयोग की रिपोर्ट एवं दो कैबिनेट उप समितियों की रिपोर्ट को पेश किया गया था। इस दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, अब इस मामले को 16 साल हो चुके हैं। इसीलिए सामाजिक सद्भाव और शांति-व्यवस्था को देखते हुए इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करना चाहिए। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पूरी रिपोर्ट को राज्य सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को है। मेहरानगढ़ हादसे की जांच रिपोर्ट सामने नहीं आने से अब यह सवाल उठता है कि बाकी भगदड़ पर गठित होने वाली कमेटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होगी या नहीं।

## आज का राशिफल

**मेष** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** – शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** – शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** – रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** – समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** – आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** – निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** – घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** – चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** – थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** – कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक-3-5-7

**मीन** – प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम आसानी से पाकिस्तान को हरा देगी : हरभजन



**नई दिल्ली**। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि 23 फारवरी को पाकिस्तान से होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लीग मैच में भारतीय टीम आसानी से जीतेगी। हरभजन ने कहा कि हाल के समय में जिस प्रकार का प्रदर्शन दोनो टीमों का रहा है उसको देखते हुए इसमें भारतीय टीम हावी रहेगी। हरभजन ने कहा है कि इस मुकाबले को जरुरत से ज्यादा हाइप दी जा रही है। हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाक को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो बार हार का सामना करना पड़ा था। पाक को पहले लीग चरण और उसके बाद फाइनल में हार मिली थी। जिसमें पहले लीग चरण और फिर फाइनल में उसे हार मिली थी। पाकिस्तान की एकमात्र जीत इस सप्ताह की शुरुआत में कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 353 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली थी। वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 और फिर एकदिवसीय सीरीज में जीत हासिल की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। हरभजन ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को बहुत ज़्यादा बातें हो रही हैं पर इसमें कुछ भी विशेष नहीं है। भारतीय टीम बेहतद मजबूत है और कहीं भी जीत सकती है जबकि पाक को हाल ही में अपनी धरती पर भी न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। अगर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के आंकड़े देखें तो आपको सही स्थिति दिखेगी। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि पाक टीम अभी संघर्ष कर रही है। उसके प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम रन नहीं बना पा रहे हैं, ऐसे में मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में उतर रही टीम की राह बेहद कठिन है। हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि आंकड़े उन मैचों से बनते हैं जो पहले खेले जा चुके हैं और कोई भी भविष्य की भविष्यवाणी नहीं कर सकता पर एक भविष्यवाणी के तौर पर मुझे लगता है कि दोनों टीमों में बहुत अंतर है। भारतीय टीम परिपक्व दिख रही है जबकि पाकिस्तान के पास अनुभव की कमी है। इस बार उसके गेंदबाज भी फार्म में नहीं हैं। हरभजन ने कहा, उनके मुख्य बल्लेबाज बाबर का भारत के खिलाफ औसत 31 रन रहा है, जबकि रिजवान का भारत के खिलाफ औसत 25 रहा है। उसके सलामी बल्लेबाज फखर जमान का औसत 46 रन है और उसकी में मैच का रुख बदलने की क्षमता है। उन्होंने आगे कहा कि टीम में शामिल ऑलराउंड फहीम अशरफ और सऊद शकील का भारत के खिलाफ प्रदर्शन सामान्य रहा है। वहीं हरभजन ने कहा कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी इंग्लैंड के खिलाफ फार्म हासिल कर लिया है। विराट कोहली, शुभमन गिल, अक्षर पटेल और केएल राहुल भी अच्छा खेल रहे है। टीम को रोहित और विराट को इस टूर्नामेंट में अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद है। टीम` गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अब तक अच्छा रहा है। हरभजन के अनुसार पाक टीम को पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ सकता है। ये हार वैसी ही हो सकती है जैसी उसे त्रिकोणीय सीरीज में मिली थी। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में फिर से पाकिस्तान को हराएगा क्योंकि वे समझ गये हैं पाकिस्तान से कैसे खेलना है। इसी प्रकार मुझे लगता है कि भारतीय टीम भी पाक पर आसान जीत दर्ज करेगी क्योंकि वह हर मामले में पाक से कहीं आगे है।

# आकाश चोपड़ा बोले, चैम्पियंस ट्रॉफी हो सकता है इन खिलाड़ियों का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट



**नई दिल्ली**। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद तीन भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा खेल से संन्यास ले सकते हैं। इन तीनों ने ही पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था। चोपड़ा का मानना है कि बढ़ती उम्र और खराब फार्म को देखते हुए इन तीनो ही क्रिकेटरों के संन्यास का समय भी करीब आ गया है। ऐसे में उन्हें लगता है कि चैम्पियंस ट्रॉफी तीनो का ही अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा। इन क्रिकेटरों को ये अंदाजा है कि भविष्य की योजनाओं का वे हिस्सा नहीं है। ऐसे में ये स्वयं ही युवाओं के लिए जगह खाली कर देंगे। कहा. "चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद अगला आईसीसी इवेंट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल है जिसमें भारतीय टीम नहीं पहुंची है। ऐसे में कोहली, रोहित या जडेजा के पास खेलने का कोई अवसर नहीं है। वहीं अगला आईसीसी इवेंट अगले साल टी20 विश्व कप है और इस प्रारुप से इन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया है। इसके बाद 2027 में एकदिवसीय विश्व कप है और तब तक ये तीनो ही 40 के करीब पहुंच जाएंगे और ऐसे में इनके खेलने की कोई संभावना नहीं है। चोपड़ा ने कहा कोहली और जडेजा भले ही अपनी फिटनेस बनाये हुए हैं पर सवाल यह होना चाहिए कि क्या भारत को इन खिलाड़ियों की जरूरत है या उस समय बेहतर विकल्प हैं। अगर है तो हमें उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए युवाओं को अवसर देना चाहिये।

# दुबई इंटरनेशनल स्टेडिम में पिछली हार का हिसाब बराबर कर पायेगी भारतीय टीम



**मुम्बई**। भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को होने वाले मुकाबले का सभी प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस मैच में दोनो ही टीमों के प्रशंसकों की खासी तादाद भी रहेगी। मैच के सभी टिकट पहले ही बिक गये हैं और सभी को उम्मीद है कि उन्हें एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाक का ये मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच जिस मैदान पर होने जा रहा है वहीं 2021 में पाक ने जीत हासिल की थी। ऐसे में देखना होगा होगा कि भारतीय टीम पिछल हार का हिसाब बराबर कर पाती है या नहीं। उसे इस बार उतरते समय सावधान रहना होगा क्योंकि उसपर मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा। पाक टीम तब हुए उस मुकाबले में 10 विकेट से जीत थी और उसे किसी आईसीसी विश्वकप में भारतीय टीम के खिलाफ पहली जीत मिली थी। उस मैच में शाहीन शाह अफरीदी ने 3 विकेट विकेट लिए थे जबकि बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ 152 रन का की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई थी। तब जसप्रीत बुमराह भी विकेट लेने में विफल रहे थे। भारतीय टीम ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कुल 6 एकदिवसीय खेले हैं जिसमें 5 में उसे जीत मिली है जबकि 1 मैच टाई रहा है। वहीं पाकिस्तान ने दुबई के इस मैदान पर 22 मैचों में से 8 जीते है जबकि 13 में वह हारी है और एक मैच का परिणाम नहीं निकला। पाकिस्तान की टीम ने दुबई में भारत से ज्यादा टी20 मुकाबले खेले हैं , ऐसे में वह मैदानों की अभ्यस्त है। इसमें भी उसका रिकॉर्ड अच्छा रहा है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में तीन अहम उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं रोहित



**मुम्बई**। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में तीन अहम उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। रोहित एकदिवसीय क्रिकेट में 11000 रन के आंकड़े के करीब भी हैं। उन्हें यहां तक पहुंचने के लिए केवल 12 रन की जरुरत है! ऐसा करने पर वह सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और विराट कोहली के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय बन जाएंगे। उनके पास इस टूर्नामेंट में 50 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरे करने का भी मौका होगा। उनके नाम अभी तक 49 शतक हैं। ऐसे में उन्हें केवल एक शतक चाहिये। इसके अलावा रोहित के पास चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक छक्के मारने का रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर भी है। रोहित ने अभी तक 260 पारियों में 338 छक्के लगाये हैं। वह अगर टूर्नामेंट में 12 छक्के और लगाते हैं तो 300 से कम पारियों में 350 छक्के लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। एकदिवसीय क्रिकेट में उनसे ज्यादा छक्के केवल शाहिद अफरीदी के नाम हैं। अफरीदी ने 369 पारियों में 351 छक्के लगाये हैं। वहीं रोहित 527 पारियों में 631 छक्कों के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में अर्शदीप को निशाना बनाये विरोधी टीमें : डेविड लॉयड



**लंदन**। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने कहा है चैम्पियंस ट्रॉफ में भारतीय टीम को अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गये है। लॉयड का मानना है कि बुमराह की अनुपस्थिति विरोधी टीमों के बल्लेबाजों का अर्शदीप सिंह को निशाना बनाना चाहिये। लॉयड के अनुसार बुमराह के नहीं होने पर भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा जिसका लाभ विरोधी टीमों को मिलेगा। टीम के पास केवल एक अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ही हैं। शमी भी लंबे समय के बाद चोट से उबरकर लौटे हैं। ऐसे में वह पहले जैसी गेंदबाजी शायद ही कर पाये। ऐसे में टीम के पास केवल युवा अर्शदीप और हर्षित राणा जैसे गेंदबाह हैं। इन दोनो ने कुल 12 एकदिवीसीय खेले हैं। जिसमें से 9 अर्शदीप ने खेले हैं जबकि हर्षित ने तीन मैच खेले हैं। लॉयड ने आगे कहा, "अगर आप विरोध टीम के बल्लेबाज हैं, तो अर्शदीप को निशाना बनाये। आप आक्रमण कर उसे चुनौती दें। यह टी20 क्रिकेट नहीं. आपको खेलेने के लिए लंबा समय मिलेगा। अर्शदीप अब तक अधिककतर टी20 मैचों में ही सफल रहे हैं। 63 टी20 मैचों में उनके नाम 99 विकेट हैं। वहीं दूसरी ओर, 9 एकदिवसीय मैचों में अर्शदीप को कुछ ही विकेट मिले हैं।

## व्यापार

# सेंसेक्स 400 अंक टूटा; निफ्टी 22,800 के नीचे

**• बाजार खुलते ही निवेशकों के 5 लाख करोड़ डूबे**




**मुंबई**। एशियाई बाजारों में तेजी के रुख के बावजूद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को एक बार फिर गिरावट में खुले। हाई वैल्यूएशन, देसी कंपनियों के नरम दिसंबर तिमाही नतीजे और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के स्थिति के कारण बाजार के सेंटीमेंट कमजोर बने हुए हैं। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 300 अंक गिरकर 75,641.41 पर खुला। खुलने के कुछ ही देर में यह 75,294 अंक तक फिसल गया। सुबह यह 518 अंक गिरकर 75,421 पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 22,809 अंक पर खुला। सुबह यह 148.20 अंक की गिरावट लेकर 22,781 पर कारोबार कर रहा था। पिछले आठ ट्रेडिंग सेशन में निफ्टी में 3.2 फीसदी की गिरावट आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के सुस्त नतीजे, ब्रोडर मार्केट का हाई वैल्यूएशन और वैश्विक अनिश्चितताओं जैसे कारकों के चलते बाजार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। बाजार में सोमवार सुबह आई बड़ी गिरावट से निवेशकों की वेल्थ 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्किट कैप 5,19,953 करोड़ रुपये घटकर 395,79,328 करोड़ रुपये पर आ गया। जबकि शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद यह 400,99,281 करोड़ रुपये था। बीते शुक्रवार को बाजार में गिरावट देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 199.7 अंक गिरकर 75,939 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी50 102 अंक लुढ़ककर 22,929 पर पहुंच गया। छोटे शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जहां निफ्टी करीब 4 फीसदी गिरकर 15,373.70 पर बंद हुआ। इसके साथ ही यह इंडेक्स अपने उच्चतम स्तर से 22 फीसदी गिरने के बाद 'बियर फेज' में आ गया। वहीं एशिया-प्रशांत बाजारों में आज मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का निक्कई 225 0.07 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.47 फीसदी बढ़ा और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.6 फीसदी नीचे आया। शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में डाओ जोंस् 0.37 फीसदी फिसला, एसएंडपी 500 में 0.01 फीसदी की मामूली गिरावट आई, जबकि नेस्डेक कम्पोजिट 0.41 फीसदी चढ़ा।

**इस हफ्ते निवेशकों की नजर इन अहम घटनाओं पर रहेगी-**

- **18 फरवरी-** ऑस्ट्रेलिया के सेंट्रल बैंक की ब्याज दरों पर फैसला और ब्रिटेन की जनवरी महीने की महंगाई दर के आंकड़े।
- **19 फरवरी-**जापान के जनवरी महीने के व्यापार संतुलन के आंकड़े।
- **20 फरवरी-** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की पिछली बैठक के मिनट्स।
- **21 फरवरी-**ऑस्ट्रेलिया, भारत, ब्रिटेन और अमेरिका के फरवरी महीने के फ्लैश मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज पीएमआई डेटा। इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़ी कोई भी बड़ी खबर बाजारों पर असर डाल सकती है।

# वीवो टी4एक्स 5जी में दमदार बैटरी के साथ दमदार परफॉर्मेंस



**नई दिल्ली**। वीवो आज भारत में अपना नया स्मार्टफोन वीवे व्ही50 लॉन्च करने वाला है। इसी बीच कंपनी ने अपनी टी सीरीज के नए फोन वीवो टी4एक्स 5जी को टीज करना शुरू कर दिया है। टीजर के मुताबिक, यह फोन अपने सेगमेंट में सबसे बड़ी बैटरी ऑफर कर सकता है, जो 6500एमएएच की हो सकती है। इसके अलावा, फोन की कीमत 15 हजार रुपये से कम हो सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह डिवाइस 20 फरवरी को भारत में लॉन्च होगा। हाल में आई एक लीक में दावा किया गया था कि वीवो टी4एक्स 5जी में कंपनी डाइमेंसिटी 7300 चिपसेट देने वाली है। इसके अलावा, फोन डायनामिक लाइट और नोटिफिकेशन एलईडी के साथ आ सकता है। यह स्मार्टफोन प्रॉन्टो पर्पल और मरीन ब्लू कलर ऑप्शंस में उपलब्ध होगा। माना जा रहा है कि यह वीवो टी3 एक्स 5जी का सक्सेसर होगा। वीवो टी3 एक्स 5जी में 6.72 इंच का फुल एचडी और आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले दिया गया था, जो 120एचजेड रिफ्रेश रेट और 1000 निट्स पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट करता है। फोटोग्राफी के लिए इसमें 50एमपी+2एमपी का डुअल रियर कैमरा और 8एमपी सेल्फी कैमरा था। फोन में 6000एमएएच बैटरी के साथ 44 डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट भी मिला था। अब देखना होगा कि वीवो टी4 एक्स 5जी में और कौन-कौन से फीचर्स जोड़े जाते हैं और यह मार्केट में क्या धमाल मचाता है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 दिल्ली-NCR समेत हिल गया उत्तर भारत सुबह 5.30 बजे,मुरादाबाद- सहारनपुर-अलवर- मथुरा-आगरा तक महसूस हुए तेज भूकंप के झटके
2 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया,इस दौरान उन्होंने कहाः भारत टेक्स का दूसरा सत्र भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है...भारत टेक्स हमें हमारी परंपरा के साथ-साथ विकसित भारत की भी झलक दिखाता है... हमने जो बीज बोया है,वह बहुत तेजी से बढ़ रहा है
3 ये एक बड़ा वैश्विक आयोजन,120 से अधिक देश ले रहे भाग,पीएम मोदी ने की भारत टेक्स की तारीफ,भारत टेक्स 2025,कच्चे माल से5 लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर लाने वाला एक अनूठा कार्यक्रम है
4 PM मोदी ने भारत-मंडपम में 'भारत-टेक्स 2025' में भाग लिया,बोलेः टेक्सटाइटल एक्सपोर्ट 3 लाख करोड़ पहुंचा,2030 तक 9 लाख करोड़ पहुंचाने का टारगेट
5 भागवत बोलेःपूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है संघ,यह देश का जिम्मेदार समाज;भारत को अंग्रेजों ने नहीं बनाया,यह सदियों से मौजूद था
6 कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को भारत आ रहे हैं,इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे,साथ ही वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे; विदेश मंत्रालय के अनुसार कतर के अमीर के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा
7 राष्ट्रपति ने किया आदि महोत्सव' का शुभारंभ,कहाः आदिवासी आगे बढ़ेंगे, तभी होगी देश की प्रगति
8 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आदि महोत्सव' का शुभारंभ किया,इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं और जनजातीय विकास बजट पांच गुना बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये किया गया है
9 विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ओमान के समकक्ष बद्र अलबुसैदी के साथ व्यापार,निवेश और उर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा की, जयशंकर आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे हैं
10 आज होने वाली बीजेपी विधायक दल की बैठक टली,19 फरवरी को होगा मंथन;20 को मिल सकता है दिल्ली के नये मुख्यमंत्री
11 अमेरिका से डिपोर्ट भारतीयों का तीसरा बैच भारत पहुंचा,अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड,इसमें 112 लोगों के होने की खबर;कल 116 आए थे
12 दिल्ली भगदड़ पर तीन सरकारी बयान, उलझी जांच,पुलिस बोलीःदो ट्रेनों के मिलते-जुलते नाम से भ्रम हुआ,रेलवे बोलाः एक व्यक्ति के फिसलने से स्थिति बिगड़ी
13 दिल्ली भगदड़ केस,18 मौतों का जिम्मेदार कौन,RPF अफसर बोलेःगलत अनाउंसमेंट से हुआ हादसा,रेलवे ने कहाः भीड़ ज्यादा थी
14 जैसे कुछ हुआ ही नहीं हो... नई दिल्ली स्टेशन पर फिर उमड़ी भीड़,महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली हर ट्रेन में मारामारी
15 टोल टैक्स और फास्टैग से जुड़े नए नियम आज से लागू, अब लापरवाही पर लगेगा मोटा जुर्माना
16 टॉप-10 कंपनियों में 8 की वैल्यू 2 लाख करोड़ गिरी,रिलायंस टॉप लूज़र,इसकी वैल्यू 67,527 करोड़ कम हुई;एयरटेल और ICICI बैंक की बढ़ी
17 मौसम के तीखे तेवर से इस वर्ष जनवरी सामान्य से अधिक गर्म रही,फरवरी में भी राहत नहीं मिली,मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि मार्च का महीना भी उम्मीद से अधिक गर्म रहेगा,इस दौरान लोगों को मई-जून जैसी गर्मी झेलनी पड़ सकती है
18 112 भारतीयों को लेकर अमृतसर Airport पहुंचा तीसरा विमान,परिवारों ने ली राहत की सांस
19 बांग्लादेश पर PM मोदी को फ्रीहैंड और अब फंड भी खत्म;ट्रंप का यूनुस पर चाबुक
20 Yamuna River cleaning:दिल्ली में यमुना की सफाई अभियान शुरू,अगले तीन साल में नदी को प्रदूषण मुक्त करने का दावा
21 26/11 मुंबई आतंकी हमले से पहले उत्तर से दक्षिण तक गया था तहव्वुर राणा,अब इन यात्राओं के उद्देश्य का लगाया जाएगा पता
22 असम कैबिनेट का बड़ा फैसला,गौरव गोगोई की पत्नी के पूर्व बॉस' के खिलाफ FIR का आदेश
23 संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक रहेगा बंद,महाकुंभ में भारी भीड़ के चलते लिया फैसला
24 UN Report: भारत में बड़े हमले की साजिश,ISIL के मंसूबे पर फिरा पानी,पश्चिम एशिया में खलीफा के शासन की मंशा
25 दिल्ली भगदड़ के बाद अलर्ट मोड पर बिहार के रेलवे स्टेशन, विक्रमशिला एक्सप्रेस रद्द,सैकड़ों टिकट हुए कैंसिल
26 जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादी गतिविधि की आशंका, सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी
27 दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक टली,अब 19 फरवरी को नया सीएम तय होगा,20 को शपथ होगी
28 राजभाषा सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह आज,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद होंगे मुख्य अतिथि
29 हिंद महासागर एक वैश्विक जीवन रेखा,क्षेत्र के विकास के लिए साथ आना जरूरीःएस जयशंकर
30 ट्रंप का रवैया बना यूरोपीय नेताओं के लिए बड़ी टेंशन,यूक्रेन पर बुलाया आपातकालीन सम्मेलन
31 नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देने का ऐलान,चलाई गई विशेष ट्रेनें
32 भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 फरवरी से माउंट फूजी में होगा शुरू
33 Fastag का नया नियम सोमवार से होगा लागू,टोल पर गाड़ियों की लंबी लाइन से मिलेगी राहत
34 हिंदू राष्ट्र खत्म करने में अमेरिकी फंडिंग...नेपाल के सांसद का दावा
35 गुजरात ने यूपी को छह विकेट से हराकर दर्ज की पहली जीत,प्रिया के बाद गार्डनर ने मचाया धमाल
36 बिहारःकेंद्रीय मंत्री ललन सिंह के साथ JDU दफ्तर पहुंचे नीतीश कुमार, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात
37 आतिशी के आरोपों पर पर बोली बीजेपीःउनके पास कहने और करने के लिए कुछ नहीं है
38 महाकुंभःरविवार को 380 ट्रेनों से प्रयागराज पहुंचे 12 लाख श्रद्धालु,रेलवे ने दी जानकारी
39 गोवा कोर्ट ने आयरिश महिला से बलात्कार और हत्या के दोषी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा
40 2016-17 में हर साल अयोध्या आते थे 2 लाख श्रद्धालु,अब आते हैं 15 करोड़ से ज्यादाःCM योगी




# छावा ने ओपनिंग डे पर स्काई फोर्स-गली बॉय को चटाई धूल

## बनी 2025 और वेलेंटाइन डे रिलीज की बिगेस्ट ओपनर

मूवी लवर्स के लिए इस साल का वेलेंटाइन डे धमाकेदार रहा. 14 फरवरी को सिनेमाघरों में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म छावा रिलीज हुई और पहले ही दिन लोगों के दिलों पर छा गई. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और खुद को 2025 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनकर उभरी. इतना ही नहीं, यह वेलेंटाइन डे रिलीज की भी सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बनी है. विक्की कौशल की नई फिल्म ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है. इसने पहले ही दिन 30 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, छावा ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 33.10 करोड़ रुपये (नेट) कमाए हैं. विक्की कौशल की फिल्म इस साल रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स को पीछे छोड़ 2025 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है. गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई स्काई फोर्स ने पहले दिन 15.30 करोड़ रुपये कमाई की थी. छावा ने अक्षय कुमार-वीर पहाड़िया की फिल्म से दोगुना कमाई की है. इसके साथ ही छावा विक्की कौशल की अब तक की सबसे बड़ी ओपनर भी बन गई है. इसने कौशल की हिट फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसने पहले दिन 8.20 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके अलावा, छावा ने वेलेंटाइन डे रिलीज की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म का भी खिताब अपने नाम किया है. विक्की-रश्मिका की फिल्म ने रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म गली बॉय को भी पीछे छोड़ दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में 14 फरवरी को रिलीज हुई गली बॉय ने ओपनिंग डे पर 19.40 करोड़ रुपये का बिजनेस किया और बिगेस्ट वेलेंटाइन डे रिलीज की टॉप ओपनर फिल्म बन गई थी. तब से कोई भी फिल्म गली बॉय को पछाड़ बनी पाई थी. लेकिन इस साल छावा ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया और सबसे बड़ी वेलेंटाइन डे रिलीज का खिताब अपने नाम किया. भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छावा हॉलीवुड फिल्म कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड, लवयापा, बैडस रवि कुमार और सनम तेरी कसम री-रिलीज जैसी होल्डओवर रिलीज को टक्कर देने उतरी है. छावा एक हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म है. यह भारत के सबसे महान योद्धाओं में से एक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र, मराठा राजा संभाजी के जीवन पर आधारित है. इसे इसी शीर्षक वाले मराठी उपन्यास से रूपांतरित किया गया है. उपन्यास शिवाजी सावंत ने लिखा था. छावा में विक्की कौशल के साथ, महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना, सर-सेनापति हंबीराव मोहिते के रूप में आशुतोष राणा, औरंगजेब के रूप में अक्षय खन्ना और सोयराबाई के रूप में दिव्या दत्ता शामिल हैं.


# पर्सनल स्टाइल पर खूब प्रयोग करती हैं जैकलीन

## बताया पर्दे पर निभाना चाहती हैं किस फैशन आइकन की भूमिका



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने समाचार एजेंसी से बात की। उन्होंने न केवल फैशन और काम को लेकर बात की, बल्कि बताया कि वह पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहती हैं। चंडीगढ़ में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर कनिका गोयल के लिए रैंप पर उतरीं जैकलीन ने कहा, मुझे लगता है कि फैशन का मतलब रचनात्मक होने के साथ यूनिक होना है। आप फैशन के साथ हर दिन खुद के होने का जश्न मनाते हैं। फैशन खूबसूरत और पॉजिटिव चीज है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें स्क्रीन पर एक फैशन आइकन की भूमिका निभानी है। अभिनेत्री ने कहा, हां मैं कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहूंगी। अभिनेत्री ने आगे बताया, जब ड्रेसिंग या कैजुअल होने के बीच चयन की बात आती है तो सब कुछ मूड पर निर्भर करता है। मुझे अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं। मैं ज्यादातर समय कैजूअल में रहती हूं। मेरे कई स्टाइलिस्ट्स मुझसे कहते हैं, जैकी, आपका वॉर्डरोब बहुत साधारण है! क्योंकि मुझे हमेशा स्टाइल किया जाता है, इसलिए मैं अपने कपड़ों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होती हूं, वे सामान्य से ही अच्छे लगते हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे एक बहुत अच्छी, हॉट ड्रेस पहननी हो और मौज-मस्ती करनी हो या फिर जब बात रेड कार्पेट या खासकर स्टेज पर जाने की बात आती है तो मुझे स्टेज के लिए तैयार होना बहुत पसंद है। हालांकि, मैं 90 प्रतिशत समय में कैजुअल रहती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं पहले अपने पर्सनल स्टाइल, अपने पर्सनल फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती थी और अब मैं इन चीजों को लेकर सहज महसूस करती हूं और इसी कड़ी में मैं खुद को समझने लगी हूं।

# निकिता दत्ता ने बॉडीकॉन आउटफिट पहन सोशल मीडिया का बढ़ाया पारा, सिजलिंग लुक देख फैंस का मचला दिल



बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। कबीर सिंह फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिल जीतने वाली एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने येलो कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनका कातिल अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। निकिता दत्ता की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने खुले बाल, ग्लैम मेकअप कर और ग्लोसी लिप्सटिक लगाकर अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। एक्ट्रेस निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। निकिता दत्ता की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- अडोरेबल। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट टू हेंडल। अन्य यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।



# इडली कड़ाई का नया पोस्टर जारी, बॉक्सर बने अरुण विजय, धनुष का भी दिखा दमदार अंदाज




धनुष अभिनीत इडली कढ़ाई के निर्माताओं ने फिल्म से एक नया लुक जारी किया है, जिसमें अभिनेता अरुण विजय मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेता अरुण विजय फिल्म में एक किरदार निभाएंगे, लेकिन अब यह पुष्टि हो गई है। अब निर्माताओं ने फिल्म में अरुण विजय की मौजूदगी की पुष्टि की है, नए पोस्टर में उन्हें एक मुक्केबाज की भूमिका में दिखाया गया है। इसके अलावा, उसी लुक में धनुष को उनके कोच के रूप में भी दिखाया गया है, जो फिल्म के पिछले सभी पोस्टर से अलग है। सोशल मीडिया पर नया लुक साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, यहां हम चलते हैं, घर में एक साथ अरुण विजय। इडली कढ़ाई। निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज की तारीख 10 अप्रैल, 2025 की पुष्टि की। फिल्म इडली कढ़ाई धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म है, इससे पहले वे पा पांडी, रेयान और नीक जैसी फिल्में बना चुके हैं। इस फिल्म में धनुष भी मुख्य भूमिका में हैं और इसे एक फील-गुड ड्रामा बताया जा रहा है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म के आधिकारिक लुक का अनावरण किया था, जिसमें धनुष और नित्या मेनन की जोड़ी को दिखाया गया था, जहां पहले के लुक में फिल्म को गांव की पृष्ठभूमि में दिखाया गया था, वहीं नए पोस्टर में फिल्म का अलग रूप देखने को मिला है। नित्या मेनन और अरुण विजय के अलावा फिल्म में शालिनी पांडे, प्रकाश राज, राज किरण और कई अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अक्तूबर में नित्या मेनन ने घोषणा की थी कि वह इस फिल्म में धनुष के साथ अभिनय करेंगी। थिरुचित्रम्बलम के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है। इडली कढ़ाई 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, धनुष के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता को आखिरी बार रायन में दिखा गया था। अब अभिनेता के पास कई परियोजनाएं हैं। धनुष के पास शेखर कम्मुला की कुबेर है, जिसमें रश्मिका मंदाना और अक्किनेनी नागार्जुन शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।